वर्ष 23, अंक 362, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 22 जनवरी 2025 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने भारत समेत 11 देशों को दी 'धमकी'

**अमेरिका**
**: शपथ** ग्रहण के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने 47वें राष्ट्रपति के तौर पर संयुक्त राज्य अमेरिकी की कमान संभाल ली है. दूसरी बार राष्ट्रपति की कमान संभालते ही डोनाल्ड ट्रंप ने एक्शन शुरू कर दिया है. ट्रंप ने पूरी दुनिया को आने वाले सालों में अमेरिका का रूख कैसा होगा, इसकी एक झलक दिखा दी है.
सत्ता संभालते ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ का ऐलान कर दिया. ट्रंप ने




कहा कि कनाडा और मैक्सिको पर 1 फरवरी से संयुक्त राज्य अमेरिका 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा. वहीं इस आदेश के बाद उन्होंने एक ऐसी बात कही है, जिससे एक साथ 11 देशों में खलबली मच गई है. इन देशों में भारत और चीन का नाम शामिल है.

**BRICS देशों को डोनाल्ड ट्रंप ने दी खुलेआम धमकी**

दरअसल, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स (BRICS) देशों को खुलेआम एक धमकी दे दी है. सोमवार (20 जनवरी) को शपथ लेते ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि स्पेन समेत ब्रिक्स देशों पर 100% टैरिफ लगाया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि ब्रिक्स में इस वक्त 10 देश शामिल है. जिनमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्त्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल है. स्पेन ब्रिक्स का भाग नहीं है. इसके बावजूद स्पेन डोनाल्ड ट्रंप के रडार में है. डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल दिसंबर महीने में हीं ब्रिक्स देशों पर 100 टैरिफ लगाने का इशारा कर दिया था।

## हरदीप पुरी को लेकर आप नेता ऋतुराज झा का विवादित बयान!

**नई दिल्ली।**
**हरदीप** सिंह पुरी ने कहा कि वे कह रहे हैं कि मेरा उनसे रिश्ता है, इस पर मुझे हंसने का मन हो रहा है। मैं वही व्यक्ति हूं जिसने अफगानिस्तान में गुरुद्वारे पर हमला होने पर गुरु ग्रंथ साहिब को अपने सिर पर रखा था।
केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि आप नेता ऋतुराज झा द्वारा कथित तौर पर पुरी के खिलाफ रोहिंग्या घुसपैठियों को 'पुरी के रिश्तेदार' बताने वाले विवादास्पद बयान के बाद आम आदमी पार्टी राजनीति के निचले स्तर पर "गिर" गई है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित




करते हुए पुरी ने कहा कि वह वही व्यक्ति हैं जिन्होंने अफगानिस्तान में गुरुद्वारे पर हमला होने पर गुरु ग्रंथ साहिब को अपने सिर पर रखा था। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि वे कह रहे हैं कि मेरा उनसे रिश्ता है, इस पर मुझे हंसने का मन हो रहा है। मैं वही व्यक्ति हूं जिसने अफगानिस्तान में गुरुद्वारे पर हमला होने पर गुरु ग्रंथ साहिब को अपने सिर पर रखा था। मैं ऐसी बातों पर प्रतिक्रिया नहीं देता। राजनीति में कई तरह के राजनीतिक विमर्श होते हैं।


## जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी के कारण बंद हुई गुरेज-बांदीपुरा रोड और दावर-तुलैल रोड

**जम्मू-कश्मीर**
**बर्फबारी** और बर्फ की ये परतें देखने में बेहद खूबसूरत और मनमोहक लगती हैं, लेकिन इससे वहां रहने वाले लोगों की दैनिक गतिविधियों में बाधा भी आती है। चिल्लई कलां के दौरान, गुरेज-बांदीपोरा मार्ग और दावर-तुलैल मार्ग को बंद कर दिया गया।
कश्मीर घाटी पिछले कई दिनों से बर्फ की मोटी चादर से ढकी हुई है। बर्फबारी और बर्फ की ये परतें देखने में बेहद खूबसूरत और मनमोहक लगती हैं, लेकिन इससे वहां रहने वाले लोगों की दैनिक गतिविधियों में बाधा भी आती है। चिल्लई कलां के दौरान, गुरेज-बांदीपोरा मार्ग और दावर-तुलैल मार्ग को बंद कर दिया गया, क्योंकि सड़क पर बर्फ की मोटी चादर जम गई थी, जिससे क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया।
हालांकि, बर्फबारी के कारण बंद हुए गुरेज-बांदीपोरा रोड और दावर-तुलैल रोड पर मरम्मत का काम मंगलवार को शुरू हो गया और यह काम चल रहा है। गुरेज के एसडीएम द्वारा साझा किए गए दृश्यों में दिखाया गया है कि इलाके से बर्फ हटाने के लिए एक अर्थ-मूविंग मशीन लगातार काम कर रही है। इस बीच, श्रीनगर में प्रतिष्ठित डल झील शहर में चल रही शीत लहर के बीच शांत बनी हुई है।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आज श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहेगा। आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और एक-दो बार बारिश या गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं।
गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर में चिल्लई कलां का दौर चल रहा है। यह जम्मू-कश्मीर, खासकर कश्मीर घाटी में 40 दिनों तक चलने वाली भीषण ठंड की अवधि है। यह 21 दिसंबर से शुरू हुआ है और 31 जनवरी तक रहेगा।
चिल्ला-ए-कलां के नाम से भी जाना जाने वाला यह काल, जिसका अर्थ है "चालीस दिन की तीव्र ठंड", शून्य से नीचे के तापमान, जमे हुए जल निकाय और ठंढ और बर्फ से ढके परिदृश्यों से चिह्नित है। इस क्षेत्र में आमतौर पर भारी बर्फबारी होती है, जिससे दैनिक जीवन बाधित होता है।

## गरियाबंद में मुठभेड़ में अब तक मारे गए 14 नक्सली



**छत्तीसगढ़: छत्तीसगढ़** के गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के भालूडिगी पहाड़ों में रविवार से जारी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है. रविवार की रात से शुरू हुई मुठभेड़ में अब तक 14 नक्सली मारे जा चुके हैं, जिनमें 10 नक्सली तो देर रात की कार्रवाई में मारे गए. इस दौरान सुरक्षा बलों ने मारे गए नक्सलियों के पास से बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए हैं.

**भारी संख्या में हथियार बरामद**

मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों की बड़ी संख्या मौजूद थी और सुरक्षा बलों ने उन्हें घेर लिया था. यह मुठभेड़ मैनपुर के भालूडिगी पहाड़ी क्षेत्र में जारी है, जहां सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच तीव्र गोलीबारी हो रही है. बताया जा रहा है कि करीब 60 नक्सली अभी भी सुरक्षा बलों के घेरे में हैं.
छत्तीसगढ़ पुलिस ने एएनआई को बताया कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर पुलिस के साथ मुठभेड़ में कम से कम 14 नक्सली मारे गए, जिसमें एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली भी मारा गया है. पुलिस ने जानकारी दी है कि फिलहाल मुठभेड़ जारी है.

**हथियार, विस्फोटक सामग्री और अन्य सामान बरामद**

सुरक्षा बलों की कार्रवाई के दौरान कई नक्सली मारे गए, जिनके पास से आधुनिक हथियार, विस्फोटक सामग्री और अन्य सामान बरामद किया गया. यह मुठभेड़ नक्सलियों के खिलाफ छेड़े गए ऑपरेशन का हिस्सा है।

### दिल्ली चुनाव: भाजपा ने संकल्प पत्र का दूसरा भाग जारी किया

## ऑटो चालकों से लेकर एससी छात्रों के लिए किए बड़े वादे

**नई दिल्ली। पूर्व** केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025 के लिए भाजपा के संकल्प पत्र का दूसरा भाग जारी कर दिया है। भाजपा ने संकल्प पत्र में सरकारी शिक्षण संस्थानों में जरूरतमंद छात्रों को 'केजी' से 'पीजी' तक मुफ्त शिक्षा और युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए 15 हजार की वित्तीय सहायता और 2 बार के यात्रा व आवेदन शुल्क की प्रतिपूर्ति का वादा किया है। इसके अलावा भी कई वादे किए गए हैं।




भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने संकल्प पत्र का दूसरा भाग जारी करते हुए कहा कि जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो विकसित दिल्ली की एक अहम भूमिका है। हमारे संकल्प दिल्ली को विकसित बनाने के लिए हैं। संकल्प से सिद्धि की ये यात्रा हम अगले 5 वर्षों में पूरी करेंगे। भाजपा की जहां भी सरकारें रही, जन-कल्याण उनकी प्राथमिकता और केंद्र बिंदु रहा। केंद्र सरकार में भी हमने राज्यों के सहयोग से नागरिकों की समस्याओं का जहां समाधान किया, वहीं पर उनको सुविधाएं भी दी।
उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार बनने पर हम स्वास्थ्य, यातायात, बिजली, पानी और परिवहन आदि से जुड़ी समस्याओं का हल करेंगे।

## 'मेहनत आपकी, मुनाफा किसका', राहुल गांधी का मोदी सरकार पर वार, बोले- गरीब और मिडिल क्लास का जीना मुहाल

**नई दिल्ली।**
**राहुल** ने दावा किया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई। इस वजह से लोगों को रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को मोदी सरकार पर उसकी आर्थिक नीतियों को लेकर निशाना साधा। इसक साथ ही कांग्रेस नेता ने कहा कि वास्तविक विकास तब है जब हर कोई प्रगति करे, व्यापार के लिए उचित माहौल हो, निष्पक्ष कर प्रणाली हो और श्रमिकों की आय बढ़े। राहुल ने एक्स पर लिखा कि मोदी जी के विकसित भारत की सच्चाई: मेहनत आपकी, मुनाफा किसका? आप सभी के खून पसीने से देश की अर्थव्यवस्था का पहिया घूम रहा है, लेकिन क्या आपको इसमें उचित हिस्सा मिल रहा है? जरा सोचिए।
राहुल ने दावा किया कि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 60 साल के सबसे निचले स्तर तक चली गई।

## केजरीवाल पर गुंडों के दम पर वोट हासिल करने का आरोप

**नई दिल्ली। नई** दिल्ली विधानसभा से चौथी बार चुनाव लड़ रहे अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगाया गया है कि वह गुंडों के दम पर वोट हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। यह आरोप उन पर तब लगाया गया है जब वह सोमवार दोपहर करीब एक बजे चुनावी सभा करने के लिए नई दिल्ली के एमपी फ्लैट्स पहुंचने वाले थे। उनके साथ आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक भी मौजूद थे। यहां पर कुछ स्थानीय लोगों का दावा है कि उनके साथ धक्का-मुक्की भी हुई है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के साथ कुछ लोगों ने बात की।
सांसदों के आवास पर काम करने वाली कर्मचारी पूनम सिंह ने बताया कि मैं अपनी समस्या बताने के लिए अरविंद केजरीवाल के



पास खड़ी थी। इनके सांसद संदीप पाठक ने मुझे रोकने की कोशिश की और समस्या के समाधान के लिए घर पर मिलने का समय दिया। मैंने उनसे कहा कि घर पर नहीं मिलना है। 10 साल में कभी केजरीवाल यहां पर नहीं आए। आज आए हैं, तो सामने में उनके समक्ष अपनी समस्या रखूंगी, लेकिन मुझे मिलने नहीं दिया गया।
पूनम का दावा है कि केजरीवाल कहते हैं कि बिजली बिल फ्री है। लेकिन, सांसदों के यहां काम करने के बावजूद नौ हजार रुपये बिजली का बिल आया है।
उन्होंने कहा कि केजरीवाल यहां पर दोपहर में चुनावी सभा करने वाले थे। मुझे मालूम हुआ तो मैं पहुंची, तो देखा कि तीन-चार लोग पर्चे बांट रहे थे। इनमें से एक ने मुझसे कहा कि एक फोटो लीजिए। मैंने अपने फोन से उनकी फोटो और वीडियो भी ली।
पूनम का दावा है कि कुछ देर में न जाने कहां से 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ आ गई और वे अभद्रता करने लगे। जब मैंने हंगामा किया तो आधे लोगों को भगा दिया गया। केजरीवाल ने किसकी इजाजत से पॉश इलाके में 100 से ज्यादा लोग इकट्ठे किए।

## संभल में पुलिस कस्टडी में हुई मौत के आरोप पर अखिलेश यादव ने बीजेपी को घेरा

**संभल: संभल** जिले के नखासा थाना क्षेत्र के राया सत्ती पुलिस चौकी में कथित तौर पर हिरासत में लिए गए एक व्यक्ति की मौत हो गयी. परिजनों ने आरोप लगाया कि थाना क्षेत्र के खग्गू सराय निवासी इरफान (45) की मौत पुलिस हिरासत में हुई और पुलिस ने उसे दवा नहीं लेने दी. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है.पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा.
अब इस पर समाजवादी पार्टी के



राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के तहत उत्तर प्रदेश के अंदर हिरासत में मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है. हालिया मामले में संभल में पूछताछ के नाम पर घर से ले गये व्यक्ति की हिरासत में मौत होने से जनाक्रोश भड़क उठा. अन्याय करनेवाली भाजपा सरकार अब अपने अंतिम दौर में है.

**क्या बोली संभल पुलिस?**

उधर, संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार ने बताया कि सोमवार को करीब साढ़े 11 बजे शफीक बेगम नाम की महिला ने नखासा थाना क्षेत्र के राया सत्ती पुलिस चौकी पर प्रार्थना पत्र दिया था, जिसमें उसने कहा था कि उसने इरफान (अपने भतीजे) के माध्यम से किसी को छह लाख रुपये दिए थे।

## क्या शिवसेना में बगावत करा रही भाजपा? संजय राउत का दावा- शिंदे गुट में हो रहा नए नेता का उदय

**महाराष्ट्र**
**वडेट्टीवार** ने कहा कि बीजेपी को अब शिंदे से कोई मतलब नहीं है। जैसे उन्होंने (बीजेपी) उद्धव ठाकरे को किनारे कर दिया और शिंदे को आगे कर दिया, उसी तरह अब एक नए 'उदय' को आगे किया जाएगा।
महाराष्ट्र में विपक्ष ने परोक्ष रूप से संकेत दिया कि राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत को भाजपा द्वारा शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे की जगह लेने के लिए तैयार किया जा रहा है। उदय सामंत सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ दावोस गए हैं। यह दावा करते हुए कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने आरोप लगाया कि भाजपा ने शिवसेना में शिंदे के नेतृत्व को खत्म करने का फैसला किया है। वडेट्टीवार ने कहा कि बीजेपी को अब शिंदे से कोई मतलब नहीं है। जैसे उन्होंने (बीजेपी) उद्धव ठाकरे को किनारे कर दिया और शिंदे को आगे कर दिया, उसी तरह अब एक नए 'उदय' को आगे किया जाएगा।
हालांकि उन्होंने सामंत का नाम नहीं लिया, लेकिन यूबीटी सेना नेता संजय राउत आगे बढ़े और शिंदे को चुनौती देने वाले के रूप में सामंत का नाम लिया। राउत ने कहा कि भाजपा का काम अपने फायदे के लिए राजनीतिक दलों को खत्म करना है।

## ममता सरकार को मंजूर नहीं उम्रकैद

### कोलकाता के 'राक्षस' की फांसी के लिए पहुंच गई हाई कोर्ट

**पश्चिम बंगाल : पश्चिम** बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज रेप-मर्डर मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंच गई है. ममता सरकार ने इस मामले में दोषी पाए गए संजय रॉय को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के सियालदह कोर्ट के फैसले के खिलाफ यह रुख किया है. एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने संजय रॉय के लिए मौत की सजा की मांग करते हुए जस्टिस देबांगशु बसाक की बेंच में याचिका दायर की है.
आरजीकर रेप-मर्डर केस में सोमवार (20 जनवरी) को सजा का ऐलान हुआ था. दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी. इस मामले में कयास लगाए जा रहे थे कि दोषी को फांसी की सजा मिलेगी लेकिन वह इस अधिकतम सजा से बच गया.

**सियालदेह कोर्ट ने क्यों नहीं दी मौत की सजा?**

सजा के ऐलान से पहले हुई सुनवाई में अतिरिक्त जिला एव सत्र जज अनिर्बान दास ने इस पूरे मामले को 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' नहीं माना. यानी यह एक दूर्लभतम अपराध नहीं था. 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर अपराध' में उन मामलों को रखा जाता है जहां बेहद क्रुरता और जघन्यता के साथ अपराध को अंजाम दिया जाता है. आरजी कर मामले में जज को दोषी में इस तरह की प्रवृत्ति नहीं दिखाई दी.
जज अनिर्बान दास ने संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाने के साथ ही उसे 50,000 रुपए का जुमार्ना भी लगाया. इसके साथ ही जज ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह पीड़िता के परिवार को 17 लाख रुपए का हजार्ना दे.

**संजय रॉय ने खुद को बताया था निर्दोष**

संजय रॉय को बीते शनिवार ही दोषी मान लिया गया था.
सोमवार को केवल सजा का ऐलान बाकी था. इस दौरान सुनवाई के वक्त संजय ने एक बार फिर से खुद को बेगुनाह बताया. सुनवाई के दौरान उइक के वकील ने जज अनिर्बान दास से संजय को इस अपराध के लिए अधिकतम सजा देने की गुहार लगाई. उन्होंने इसके पीछे यह दलील दी कि सजा ऐसी होनी चाहिए कि लोगों का भरोसा हमारे समाज में बना रहे. उधर, संजय के



वकील ने मृत्युदंड के खिलाफ तर्क दिया. उन्होंने कहा कि अभियोजक को यह साबित करना चाहिए कि संजय सुधार के लायक नहीं है और उसे समाज से पूरी तरह से खत्म कर दिया जाना चाहिए.

**देभभर में मचा था बवाल**

पिछले साल 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर अर्धनग्न अवस्था में मृत पाई गई थी. जैसे ही यह मामला सामने आया तो महज कोलकाता ही नहीं बल्कि पूरे भारत में बवाल मचा.
देशभर के डॉक्टर इस जघन्य अपराध के खिलाफ सड़कों पर उतर आए थे. कई दिनों तक कोलकाता समेत कई बड़े शहरों में विरोध प्रदर्शन किए गए थे. रेप-मर्डर के इस मामले में कोलकाता पुलिस के सिविक वालंटियर संजय रॉय को आरोपी बनाया गया था।

# तालाब में डूबने से दो वर्षीय बच्चे की मौत, घर में पसरा सन्नाटा

अखंड भारत संदेश

**एक वर्ष पूर्व भी दो बच्चों की डूबने से हो चुकी है मौत**



प्रयागराज। यमुनापार के कौंधियारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत एकौनी के मजरा खडीयान में सुबह लगभग 12 बजे पप्पू भारतीया का इकलौता बेटा दो वर्षीय अंश घर के पिछवाड़े खेल रहा था। खेलते समय तालाब में गिर गया। जिसे गांव का ही राजा कोटार्य ने देखा तो शोर मचाते हुए बाहर निकाला तब तक बच्चे की सांसे रुक गई थी। शोर सुनकर परिजन एवं आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे। ग्रामीणों ने पीआरवी 112 व कौधियारा पुलिस को सूचना दी, थोड़ी देर में प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश यादव मौके पर पहुंच गए। पुलिस पंचनामा कर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व भी दो बच्चों की एक साथ डूबने से मौत हो गई थी। उस समय ग्राम प्रधान ने तालाब की बैरिकेटिंग कराने के लिए कहा था, लेकिन आज तक बैरिकेटिंग नहीं करायी गयी। अंश इकलौता बेटा था, दो बहने जानवी व मानवी हैं।

## बाइक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**मांडा।** क्षेत्र के बेला अहिरान गांव के समीप जिगना की ओर से आ रही तेज अनियंत्रित बाइक ने एक अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी जिससे अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दे कि बेला निवासी गिरजा सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह उम्र 70 सड़क पार करते समय एक अनियंत्रित बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। आनन फानन में स्थानीय लोगों ने जैसे ही प्राथमिक उपचार के ले जा रहे थे वैसे ही अधेड़ की मौत हो चुकी थीं। सूचना पर पहुंचे मांडा इंस्पेक्टर ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया।



## विज्ञान से स्नातक सूरज की आस्था में लगी लगन दंडवत यात्रा कर संगम क्षेत्र रवाना

**सहसों।** सनातन के प्रति ओतप्रोत निष्ठावान फूलपुर तहसील के चकरा अलीपुर गांव निवासी सूरज सिंह उर्फ योगेंद्र विज्ञान से स्नातक हैं। धार्मिक आस्था के प्रति लगन लगने के कारण वे 14 जनवरी से दिव्य एवं भव्य महाकुंभ में त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान के लिए दंडवत यात्रा शुरू कर दी। उन्होंने बताया इसके पूर्व भी कई तीर्थ यात्रा कर चुके हैं। प्रयागराज में आयोजित ऐतिहासिक धार्मिक, सांस्कृतिक समागम व एकता का प्रतीक महाकुंभ में दंडवत यात्रा कर सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागृत कर रहे है। उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि सब लोग जागो सब लोग भागो मां गंगा की अविरल धारा में स्नान कर अपने जीवन को सफल बनाए। उन्होंने बताया कि मां गंगा की कृपा रही तो 53 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर मौनी अमावस्या पर संगम स्नान का सौभाग्य मिल सकता है। सनातन धर्म की अलख जगाने वाले सूरज की तरह तेज सूरज की थानापुर में समाज सेवी चंद्रेश नारायण दुबे उर्फ पिंटू दुबे ने स्वागत अभिनंदन के बाद स्वल्पाहार कराया। आगे बढ़ने पर भोपतपुर के सामने अस्थाई थाना सहसों महाकुंभ के प्रभारी योगेंद्र कुमार पटेल ने भी उन्हें जूस पिलाकर अभिनंदन किया। उनके साथ में मुख्य आरक्षी फूलचंद सरोज, कांस्टेबल केशव प्रसाद, मुकेश कुमार, मुलायम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जनवरी माह की शिक्षक संकुल कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रयागराज।** विकास खंड कौधियारा के न्याय पंचायत बारी बजहिया के प्राथमिक विद्यालय सुक्खू का पूरा में जनवरी माह की शिक्षक-संकुल-प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक शैक्षिक उनमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। बारी बजहिया संकुल के समस्त अध्यापक, प्रधानाध्यापक, शिक्षक संकुल व शिक्षामित्र उपस्थित रहे। कार्यशाला प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर की अलग अलग आयोजित हुई जिसमे मुख्य रूप से उत्साहवर्धक गतिविधि, टीम बिल्डिंग, निपुण विद्यालयों के सर्वोत्तम अकादमिक प्रयास, भाषा एवं गणित के रेमेडीअल शिक्षण पर कार्य, शिक्षण कार्य में समस्याएं तथा उनके समाधान, इको क्लब फॉर मिशन लाइफ, विज्ञान क्लब, गणित क्लब, जियोग्राफी क्लब, डिजिटल लिटरेसी आदि बिंदुओं पर चर्चा तथा प्रस्तुतीकरण किया गया। संचालन शिक्षक संकुल आलोक सिंह ने किया। कार्यशाला में उपस्थित एआरपी अनुराग पाण्डेय ने निपुण लक्ष्य एप पर आंकलन, दीक्षा प्रशिक्षण, डिजिटल कंटेंट पर विस्तार से चर्चा कि गई तथा प्रभावी शिक्षण कार्य पर जोर दिया( संकुल के अध्यापको में से प्रमिला सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, पुष्पा जायसवाल, नीलम शुक्ल, हेमलता गुप्ता, आलोक सिंह, सविता, सुरेश त्रिपाठी, विजय लक्ष्मी, विकास सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक गणेश मंगल सिंह ने सभी को आभार व्यक्त किया।

# फेसबुक पर उपजा प्रेम, मांडा थाना होते हुए शादी तक पहुंचा


अखंड भारत संदेश



**मांडा।** आठ माह तक फेसबुक पर उपजे प्रेम के बाद तीन दिन पहले युवती घर से लापता हो गई। युवती के पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस युवती को खोज रही थी। इसी दौरान अपने प्रेमी के साथ थाने पहुँच युवती ने अपने प्रेमी से शादी की इच्छा व्यक्त की। दोनों के परिजनों को थाने बुलाया गया। थाने के मंदिर में आनन फानन में दोनों की शादी हुई। मांडा थाना क्षेत्र के सिकरा गाँव निवासी अशोक कुमार ने तीन दिन पहले शनिवार को रात बारह बजे मांडा थाने में सूचना दी कि उनकी बेटी चंचल (23) शनिवार दोपहर से घर से लापता है। सूचना पर पुलिस ने युवती के गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया और मामले की जांच थाने के दरोगा सीपी सिंह को सौंपी गई। पुलिस युवती चंचल की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मंगलवार सायं चंचल अपने प्रेमी चंदन (26) निवासी उमरिया थाना हलिया , जनपद मिजार्पुर के साथ थाने पहुंची। थाने पहुँच कर युवती ने बताया कि पिछले आठ महीने से फेसबुक और फोन से उसका उसके प्रेमी चंदन से संपर्क है। दोनों एक ही जाति के हैं और बालिग हैं, वे आपस में शादी करना चाहते हैं। पुलिस ने युवक व युवती के परिजनों को बुलवाया। परिजनों ने भी शादी की सहमति दे दी। आनन फानन में थाने के मंदिर में दोनों के परिजनों व तमाम लोगों की मौजूदगी में शादी संपन्न हुई। हालांकि इस शादी समारोह में पुलिस शामिल नहीं हुई। ग्राम प्रधान सिकरा सहित तमाम गणमान्य लोगों ने दोनों को नवजीवन के लिए बधाई दी। शादी थाने के आसपास चर्चा का विषय बनी रही।

# परवेजाबाद गांव में बिजली बिना दर्जनों घर अंधेरे में रहने पर हैं मजबूर!

**बारा।** बारा क्षेत्र में ऐसी बस्ती आज भी है जहाँ पर बिजली नही पहुँच सकी, समाज सेवी से लेकर ग्रामीण मांग करते रहे लेकिन घरो में अंधेरा ही कायम रहा।सरकार ने जब से प्राइवेट कम्पनियो को बिद्युती करण का ठीका दिया तब से उन्ही गांव के घरों तक बिजली पहुँची जिसकी मजबूत पकड़ थी,सौभाग्य योजना के द्वारा गांवो में सर्वे करके हर घर बिजली पहुँचाने का कार्य प्राइवेट बिजली कम्पनी को दिया जिससे कम्पनी ने जमकर मनमानी तरीके से अपना काम किया जिसकी वजह से आज तक परवेजाबाद स्कूल से के पास,राम सनेही शर्मा, गुलजार चौधरी, सुभाष धुरिया, छेदी आदिवासी, पुष्पराज सिंह के घर तक आज भी विद्युतीकरण नही हो सकी,इसी तरह अग्नि पहाड़ के डेरा व असवा गांव के दर्जनों घर मे बिजली नही पहुँच पाई।भाजपा कार्यकर्ता शिवेंद्र सिंह ने कई बार परवेजा बाद के 25 घर मुसहर बस्ती बस्ती,असवा गांव के डेरा के दर्जनों हरिजन बस्ती के घरो के लिए बिजली की बिद्युती करण करने की मांग किए लेकिन नतीजा शून्य निकला, इसी तरह घूरी गांव के तालाब बस्ती पर दिवाकर मिश्र के डेरा से लेकर भंडारी, कल्लू भारतीया के बस्ती तक बिजली नही पहुँच सकी है,मांग के बाद प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी सर्वे के नाम पर घूम कर आ जाते है इसी तरह करते वर्षो बीत गया गरीब आज भी रात अंधेरे में बिताने पर मजबूर है।इनके घरों में कब बिजली जलेगी किसी को नही पता सिर्फ गरीब आस लगाए बैठे है कि हमारे घर मे कब तक होगा बिजली का उजाला।



सरकार की सौभाग्य योजना की बिजली नही पहुँची गरीब के घर, जिम्मेदार मौन

# क्यूब रूट फाउंडेशन की तरफ से मेधावियों को छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** कोखराज हंडिया एक्सप्रेस वे प्राइवेट लिमिटेड एवं क्यूब रूट फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संबंधित सभी विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनके वार्षिक बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया और उनके उज्जवल भविष्य हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विद्यालयों से आए कुल 26 विद्यार्थियों को 10-10 हजार रुपए की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र भी वितरण किया गया। कोखराज हंडिया एक्सप्रेस वे प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना प्रमुख अविनाश त्यागी ने बताया कि क्यूब रूट फाउंडेशन द्वारा विगत 2020 से देश के सभी संबंधित सड़क परियोजनाओं पर सरकारी विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति दी जाती है इसके अलावा विद्यालयों में अन्य सुविधाएं जैसे की आरो मशीन पंखा,अलमीरा समेत अन्य जरूरी सामान भी मुहैया कराया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद यादव (रेजिडेंट इंजीनियर) के अलावा सोरांव थाना प्रभारी ब्रजेश तिवारी व अन्य ने कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सड़क सुरक्षा प्रबंधक अभिषेक यादव ने किया तथा सहयोगी एवं प्रोत्साहक के रूप में हंडिया प्लाजा प्रबंधक शशिभूषण द्विवेदी, कोखराज प्लाजा प्रबंधक नवीन यादव, संबंधित परियोजना मेंटेनेंस प्रबंधक राहुल बुटोला, परियोजना प्रबंधक धीरज श्रीवास्तव जी सोरांव टोल प्लाजा के सहायक प्लाजा प्रबंधक कौशल किशोर सिंह, प्रभारी विपिन सिंह, जय सिंह, माता प्रसाद, ऑडिटर आलोक सिंह एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे

## एकमुश्त समाधान योजना के तहत 31 जनवरी तक योजना का मिलेगा लाभ




**प्रयागराज।** विद्युत विभाग की एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) का तीसरा चरण शुरू किया है। यह योजना 31 जनवरी तक चलेगा। इस बीच उपभोक्ता बकाया जमा कर अधिभार में छूट ले सकते हैं। कौंधियारा क्षेत्र के ग्राम सभा पवर में मंगलवार को विद्युत विभाग के द्वारा कैंप लगाया गया। गौहनिया अवर अभियंता अवधेश प्रसाद वर्मा ने बताया कि विद्युत बिल में लगे अधिभार ब्याज में साठ प्रतिशत की छूट में लाभ दिया गया। गांव में कैंप लगाकर बिल में छूट दिया जाएगा। उपभोक्ता अपनी सुविधा अनुसार योजना का लाभ 31 जनवरी तक उठा सकते है।एकमुश्त योजना का लाभ लेने के लिए नजदीकी विद्युत केंद्र या विभाग ऑफिशियल वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा।

## मुक्त विश्वविद्यालय में मानवीय मूल्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षा विद्या शाखा के तत्वावधान में बदलते शैक्षिक परिदृश्य में मानवीय मूल्य विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 22 जनवरी 2025 को सरस्वती परिसर स्थित लोकमान्य तिलक शास्त्रार्थ सभागार में पूर्वाह्न 10.30 बजे किया गया है। यह जानकारी देते हुए संगोष्ठी के निदेशक प्रोफेसर पी के स्टालिन ने बताया उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर हरिकेश सिंह, पूर्व कुलपति, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार एवं बीज वक्ता प्रोफेसर अरविंद कुमार झा, आचार्य, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली होंगे। राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता प्रोफेसर सत्यकाम, कुलपति, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय करेंगे। संगोष्ठी का समापन अपराह्न 3.30 बजे होगा। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर पी के साहू, पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय होंगे।

# सी आर पी के जवान का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार





**लालापुर।** क्षेत्र के गोइसरा गांव अश्विनीपुर निवासी सी आर पी एफ जवान पडिला में रविवार की रात अचानक मौत हो गई थी। जवान की मौत की सूचना होते ही परिजनो में कोहराम मच गया था। सोमवार की देर रात शव गांव पहुंचा और पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। बताते चले दूधनाथ यादव 48 पुत्र श्रीनाथ यादव सीआरपीएफ का जवान था। दूधनाथ की पोस्टिंग बिहार के मोकामा पटना में थी। हेड क्वार्टर प्रयागराज में पडिला में है जहां वह रविवार को आया था और अचानक तबियत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। सोमवार की रात उसके साथी शव लेकर गांव पहुंचे तो परिजनो में कोहराम मच गया। साथ गए साथियों ने पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस बीच पत्नी सीमा यादव पति के शव को देख दहाड़े मारते हुए रो रही थी। साथ बेटियों का भी रो रोकर बुरा हाल हो रहा था।


# न्यूज झरोखा

## पुण्य के लिए निश्वार्थ सेवा जरुरी : अरुण द्विवेदी




**मांडा।** विधानसभा कोरांव के विकास खण्ड मांडा अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनवारीखास के समाज सेवियो ने मानव की सेवा करके पुण्य प्राप्त करने में अपनी अहम् भूमिका निभा रहे है। मंगलवार को ग्राम पंचायत बनवारी खास निवासी एवं समाज सेवी अरुण कुमार द्विवेदी ने 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चल रहा महाकुम्भ के पर्व पर मानव सेवा के लिए तत्पर होकर अपनी निजी वाहन के अलावा प्राइवेट बसो द्वारा बनवारी, शिव राजपुर, शुकुल पुर आदि गांव के श्रद्धालुओं को लेकर प्रातः संगम प्रयागराज स्नान महाकुम्भ के लिए रवाना हुए ' समाज सेवी श्री द्विवेदी ने कहा कि यह मानव सेवा ईश्वर सेवा है इससे पुण्य की प्राप्ति होती है ' गांव के बुजुर्ग, असहाय,नवजवानों एवं महिलाओ के लिए निःशुल्क बस स्नान हेतु महाकुम्भ संगम प्रयागराज श्रद्धालुओं को ले जाएगी और उन्हें वापस गांव छोड़ेगी। ऐसे ही पुण्य कार्य हेतु गांव के समाज सेवा करने के लिए होड़ लगाए हुए है।

## सीएम योगी पर अमर्यादित टिप्पणी पर सपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म व्हाट्सएप पर सपा नेता द्वारा सीएम योगी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद कौंधियारा पुलिस ने सपा नेता के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई है। सोमवार की देर शाम सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी के नेता व सपा बारा विधानसभा अध्यक्ष भागीरथी बिन्द पुत्र प्यारेलाल का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें सीएम योगी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। मामले को संज्ञान लेते हुए डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने कौंधियारा थाना प्रभारी को विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था। इसके बाद देर रात सपा नेता के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया।

## प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने सफाई कर्मचारियों को बांटा कंबल



**महाकुम्भ** प्रयागराज सेक्टर 24 के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार यादव ने स्वास्थ्य शिविर में 50 सफाई कर्मचारियों को कंबल वितरण किया। कंबल पाकर खुश हुए कर्मचारियों ने कहा की प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव हम लोगों का बहुत ख्याल रखते हैँ सुख दुःख में वो हर गरीबों के लिए खड़े रहने वाले लोगों में से है और हमेशा हमारी जरूरतों का ख्याल रखते हैँ और कर्मचारियों ने कहा की शाम होते होते मेला में ठण्ड बढ़ने लगती है ऐसे में हम लोगों को कंबल की जरूरत पड़ती है। वहीं धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा की हमारा कर्तव्य बनता है की हम अपने कर्मचारियों का ख्याल रखें और उनकी जरूरतों को समझे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव के साथ एसएमओ डॉ मनीष शुक्ला, एसडीएम निकेत वर्मा, नाव नोडल जिया लाल यादव, नायब तहसीलदार ब्रजेश सिंह व सीआई अजय सिंह मौजूद

## समाजसेवी द्वारा जंघई से महाकुंभ प्रयागराज तक पद यात्रा



**जंघई।** जनकल्याण सेवा संघ भोगीपुर, जंघई के संस्थापक समाजसेवी रोहित ब्राह्मण ने मंगलवार को गांव के चौरा माता मंदिर एवं परिवार, गांव के बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लेकर महाकुंभ प्रयागराज हेतु पद यात्रा प्रारम्भ किया। 144 वर्ष बाद लगने वाले महाकुंभ प्रयागराज में रोहित ब्राह्मण भोगीपुर के चौरा माता मंदिर पर चौरा माई का आशीर्वाद लेकर अपनी पदयात्रा प्रयागराज महाकुंभ के लिए प्रारम्भ किया। भोगीपुर से करौर, गरियाँव, नीभापुर, बादशाहपुर, बरना, फूलपुर, सहसों होते हुए महाकुंभ मेला क्षेत्र मे प्रवेश करेंगे। समाजसेवी रोहित तिवारी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, आध्यात्मिक, धार्मिक गतिविधियों में शामिल रहते हैं पिछले वर्ष भी जंघई से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या तक पद यात्रा कर चुके हैं।

## लालापुर आशू इलेवन टीम नें गणेश नगर नैनी को हराया

### आशू इलेवन टीम नें लास्ट ओवर में पावरप्ले लेकर जीता मैच



**लालापुर।** क्षेत्र के भटपुरा गांव में चल रहे विगत कई दिनों से मनकामेश्वर क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मैच मंगलवार को गणेश नगर नैनी और इलेवन आशू लालापुर टीम के बीच खेला गया। गणेश नगर की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी पर उतरी। गणेश नगर की टीम ने निर्धारित बारह ओवर के खेल में इलेवन आशू लालापुर की टीम के सामने 112 रन का लक्ष्य रखा। लालापुर की टीम ने ग्यारह ओवर में ही छः विकेट से फाइनल मैच अपने कब्जे में ले किया। मैन ऑफ द मैच सचिन को दिया गया और सीरीज भी सचिन यादव को दिया गया।आशू दुवेदी,रवि मौर्या,गोलू,वत्सन,अजित सिंह,रोहित पाण्डेय,लाला यादव,मेडिस,अरुण कुमार मिश्र,गणेश शुक्ल,अजय मिश्र,कप्तान शुक्ल,पंकज सिंह,राहुल मिश्र,अंबुज आदि मौजूद रहे।

## एक महिला पर तीन महिलाओं ने किया हमला मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक महिला ने तीन महिलाओं पर एक साथ मिलकर हमला करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बादीपुर निवासनीय कुसुम देवी पत्नी मूल चन्द्र का आरोप है कि उनके पडोस की तीन महिलाएं एक राय होकर उसके उपर हमला बोल कर मारे पीटे और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दिए। कुसुम देवी ने मऊआइमा थाने में अंजली,फूला देवी,सोनारा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# गौतम अदाणी सपरिवार पहुंचे महाकुंभ, बोले अद्भुत, अद्वितीय, अलौकिक







अखंड भारत संदेश

**महाकुंभनगर।** दुनिया के जानेमाने उद्योगपति गौतम अदाणी मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। महाकुंभ के पुण्य दर्शन के लिए गौतम अदाणी अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर प्रीति अदाणी, चेयरपर्सन अदाणी फाउंडेशन, उनके बेटे करण अदाणी, बहू परिधि अदाणी और उनकी पोतियां भी थीं। उनके साथ जीत अदाणी भी कुंभ में मौजूद रहे। इस मौके पर गौतम अदाणी ने अपने छोटे बेटे जीत अदाणी के विवाह की तिथि की भी घोषणा की, उन्होंने बताया कि उनके बेटे की शादी 7 फरवरी 2025 को होगी। जब उनसे पत्रकारों ने पूछा कि क्या जीत अदाणी की शादी पर सेलेब्रिटीज का महाकुंभ होगा? इस पर उन्होंने बताया कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम है और इसे परिवार के साथ ही सादगी के साथ संपन्न किया जाएगा।

**इस्कॉन में किया प्रसाद ग्रहण, बड़े हनुमान जी के किए दर्शन :**

गौतम अदाणी सुबह तकरीबन 12.30 बजे इस्कॉन में पहुंचे जहां पर उन्होंने इस्कॉन की रसोई में प्रसाद बनाने में भी हिस्सा लिया। डॉक्टर प्रीति अदाणी ने अपनी बहू परिधि अदाणी के साथ रोटियों पर घी लगाया और मटर छीलीं। उसके बाद उन्होंने प्रसाद वितरण किया और सपरिवार प्रसाद ग्रहण किया। उसके बाद वह नाव से संगम स्थल पहुंचे जहां उन्होंने स्नान एवं पूजा अर्चना की। संगम दर्शन के बाद वह अभिभूत नजर आए। स्नान एवं पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से बीतचीत की। उन्होंने कहा ह्लअद्भुत, अद्वितीय, एवं अलौकिक! प्रयागराज आकर ऐसा लगा मानो पूरी दुनिया की आस्था, सेवाभाव और संस्कृतियां यहीं मां गंगा की गोद में आकर समाहित हो गयी हैं। कुंभ की भव्यता और दिव्यता सजीव बनाए रखने वाले सभी साधु, संत, कल्पवासी एवं श्रद्धालुओं की सेवा में तत्पर शासन-प्रशासन, सफाई कर्मियों और सुरक्षा बलों को मैं हृदय से धन्यवाद देता हूँ। माँ गंगा का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए सीएम योगी एवं पीएम नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कुंभ प्रशासन एवं पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की। गौतम अदाणी इसके बाद गीता प्रेस के पंडाल गए जहां पर उन्होंने आरती संग्रह का वितरण किया। बता दें कि गौतम अदाणी ने गीता प्रेस के साथ मिल कर 1 करोड़ आ?ती संग्रह वितरित करने और इस्कॉन के साथ मिलकर प्रतिदिन 1 लाख लोगों को खाना खिलाने का संकल्प लिया है। उसके बाद उन्होंने श्री शंकराचार्य मंदिर विमान मंडप के दर्शन करने के उपरांत अहमदाबाद चले गए।

# हिंदू राष्ट्र का संकल्प साकार होकर रहेगा, हम निम्मित मात्र हैं: पुरी शंकराचार्य निश्चलानंद

**महाकुंभनगर।** शंकराचार्य गोवर्धन मठ पुरी उड़ीसा स्वामी श्री निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि हिंदू राष्ट्र का संकल्प साकार होकर रहेगा। वे तो निम्मित मात्र है इस अभियान में। महाकुंभ क्षेत्र के शंकराचार्य शिविर में हिंदू राष्ट्र से संबंधित प्रश्नों के उत्तर के दौरान उन्होंने ये वक्तव्य दिया। तीर्थ स्थलों के महत्व के बारे में बताते हुए शंकराचार्य ने कहा कि तीर्थ स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में न लें अर्थात अत्यधिक सुख सुविधाएं तीर्थ स्थलों में जप तप यम नियम संयम को प्रभावित करते हैं। नागा सैनिक शंकराचार्य के सैनिक थे जो धर्म की रक्षा के लिए बनाए गए थे। शंकराचार्य ने कहा कि उन्मादपूर्ण शासन उचित नहीं। ये भ्रम पैदा किया गया कि हिन्दू शब्द बाहर से आया है। ऋग्वेद में हिंदू शब्द का उल्लेख है। मानसरोवर से कन्याकुमारी तक धरातल पर पूरा भौगोलिक क्षेत्र॰ हिंदुस्थान॰ है जिसे हिंदुस्तान भी कहते हैं। वसुधैव कुटुंबकम्, सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना को लेकर जो जीवन जीता है वह हिंदू है। हिंदू राष्ट्र बनने पर क्या बदलाव होगा इस प्रश्न के उत्तर में पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि सुशिक्षित, सुसंस्कृत, सुरक्षित, संपन्न सेवा पारायण समाज की स्थापना होगी। हिंदू राष्ट्र अभियान का कोई विरोध नहीं हो रहा। राजनेताओं को वेद शास्त्र सम्मत राजनीतिक ज्ञान हेतु अध्ययन करना चाहिए। गृहस्थ जीवन में रहकर विभिन्न चुनौतियों परिस्थितियों से लड़कर भी जो भगवत चिंतन में प्रयासरत रहता है उसमें वैराग्य का भाव आता है। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा, कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर ने शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा मंगलवार सुबह शंकराचार्य के शिविर पहुंचे और उनका कुशल क्षेम पूछा। साथ ही महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर भी शंकराचार्य का मार्गदर्शन लिया। वहीं प्रसिद्ध कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर ने शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद का दर्शन कर 27 जनवरी को होने वाले धर्म संसद हेतु उन्हें निमंत्रण दिया। इस दौरान शंकराचार्य के निजी सचिव स्वामी श्री निर्विकल्पानंद सरस्वती, आचार्य विवेक मिश्र वृंदावन, प्रफुल्ल चैतन्य ब्रम्हचारी, हृषिकेश ब्रम्हचारी, राजेश चैतन्य ब्रह्मचारी सहित शिष्यगण उपस्थित रहे।



# महाकुम्भ में पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाएंगे सीएम योगी

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में बुधवार को योगी सरकार की कैबिनेट बैठक हो रही है। इस बैठक में योगी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। इस बैठक में प्रदेश को कई सौगात देने वाली योजनाओं और प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे मंत्रिमंडल के साथ त्रिवेणी संगम की पावन धारा में डुबकी भी लगाएंगे। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 कुम्भ मेले में भी अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई थी। तब मुख्यमंत्री के साथ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि और अन्य साधु संतों ने भी संगम में स्नान किया था।

**12 बजे शुरू होगी बैठक :**

महाकुम्भ में योगी सरकार की बैठक में शामिल होने के लिए यूपी सरकार के सभी 54 मंत्रियों को बुलाया गया है। यह बैठक अरैल के त्रिवेणी संकुल में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। संगम में स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसके लिए अरैल में बैठक करने का फैसला लिया गया है। पहले ये बैठक मेला प्राधिकरण के सभागार में होनी थी, लेकिन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए बाद में बैठक का स्थान बदल दिया गया। क्योंकि अगर मेला प्राधिकरण के सभागार में मंत्रियों की बैठक की जाती है तो वीआईपी सुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं को दिक्कत हो सकती थी।

**सभी मंत्री करेंगे विधिवत पूजन :**

बैठक के बाद सभी मंत्री अरैल वीआईपी घाट से मोटर बोट के जरिए संगम जाएंगे। यहां सीएम योगी समेत सभी मंत्री विधिवत पूजन करेंगे। इसके बाद संगम तट पर बनी जेटी के जरिये त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाएंगे। जानकारी के मुताबिक सीएम योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्रदेव सिंह, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, धर्मपाल, नंदगोपाल नंदी और अनिल राजभर सहित सभी 21 मंत्री और बाकी स्वतंत्र प्रभार वाले और राज्यमंत्री सहित कुल 54 मंत्री कैबिनेट बैठक में शामिल होने के बाद विधिवत संगम में स्नान करेंगे।

### आज शहर में रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी आज पूर्वाहन 11:25 बजे प्रयागराज आएंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी त्रिवेणी संकुल अरैल सभागार में मंत्रिमंडल की बैठक में सम्मिलित होंगे। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री जी प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। तत्पश्चात मुख्यमंत्री जी मंत्री गणों के साथ संगम नोज में स्नान एवं पूजन करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री जी इंडिया टीवी के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सायं 05:05 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## न्यूज झरोखा

### हर्षवर्धन और विक्रमादित्य जैसे प्रचंड पुरुषार्थी प्रशासक हैं योगी आदित्यनाथ : स्वामी अवधेशानंद गिरी

### महाकुम्भ की व्यवस्थाओं को लेकर जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर ने की सीएम योगी की तारीफ

**महाकुम्भ नगर।** जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी जी महाराज ने महाकुम्भ 2025 के भव्य और सफल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तुलना प्राचीन भारत के महान शासकों हर्षवर्धन और विक्रमादित्य से की। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने उन महान शासकों की परंपरा को नए युग में संवर्धित किया है। वे केवल एक शासक नहीं, बल्कि प्रचंड पुरुषार्थ और संकल्प के धनी व्यक्ति हैं। उनके प्रयासों ने महाकुम्भ को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज ने कहा कि भारत का भविष्य योगी आदित्यनाथ की ओर देख रहा है। भारत उनसे अनेक आकांक्षाएं, आशाएं और अपेक्षाएं रखे हुआ है। भारत की दृष्टि उनपर है। स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज ने कहा कि आज सनातन का सूर्य सर्वत्र अपने आलोक रश्मियों से विश्व को चमत्कृत कर रहा है। भारत की स्वीकार्यता बढ़ी है। संसार का हर व्यक्ति महाकुम्भ के प्रति आकर्षित हो रहा है। हर क्षेत्र में विशिष्ट प्रबंधन और उच्च स्तरीय व्यवस्था महाकुम्भ में दिख रही है। भक्तों के बड़े सैलाब को नियंत्रित किया जा रहा है। महामंडलेश्वर ने महाकुम्भ को सनातन संस्कृति का जयघोष और भारत की आर्ष परंपरा की दिव्यता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व नर से नारायण और जीव से ब्रह्म बनने की यात्रा का संदेश देता है। महाकुम्भ को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि यह आयोजन दिखाता है कि हम अलग अलग जाति, मत और संप्रदाय के होने के बावजूद एकता के सूत्र में बंधे हैं। उन्होंने महाकुम्भ को गंगा के तट पर पवित्रता और संस्कृति का संगम बताया। गंगा में स्नान को आत्मा की शुद्धि और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया।

### डायट प्रयागराज में दो दिवसीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का सफल आयोजन



**प्रयागराज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज में दिनांक 20 एवं 21 जनवरी 2025 में विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में डायट प्रयागराज एवं प्रयागराज जनपद के निजी डीएलएड कॉलेजों में आर बीएस मेजा, प्रेमचंद कॉलेज , सिद्धि नारायण त्रिपाठी एवं ठाकुर हर नारायण कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। विज्ञान में 143 तथा गणित में 130 प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार के स्वनिर्मित मॉडल एवं शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्णायक मंडल की समक्ष प्रस्तुतीकरण दिया। निर्णायक मंडल में गणित विषय के प्रतिभागियों का मूल्यांकन काशी नरेश राजकीय पीजी कॉलेज ज्ञानपुर भदोही से आए असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ सुशील कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह एवं माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड में विषय विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत श्री एस एन चौरसिया जी द्वारा किया गया। वही विज्ञान विषय के प्रतिभागियों का मूल्यांकन काशी नरेश राजकीय पीजी कॉलेज ज्ञानपुर भदोही में रसायन शास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रजनीश द्विवेदी, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज में भौतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राम प्रताप यादव एवं एम एन एन आईटी इलाहाबाद के असिस्टेंट प्रोफेसर बृजेश सिंह के द्वारा किया गया। गणित में प्रशिक्षु आलोक रंजन ने प्रथम, अतिका फरहीन ने द्वितीय एवं रूपा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि विज्ञान में प्रशिक्षु अंकित गोस्वामी ने प्रथम, विजय कुमारने द्वितीय एवं एटिका फरहीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।डायट प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए भविष्य में और भी नए विचारों को मॉडल के रूप में आकर देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को और भी प्रभावी बनाने के लिए विज्ञान एवं गणित जैसे विषयों में मॉडलों का सरलीकरण कर बच्चों के सामने प्रस्तुत करने की कला को सीखना होगा। वास्तव में यह सभी शिक्षकों के लिए चुनौती तो है ही किंतु बदलते परिवेश में हम सभी शिक्षकों को अधिगम सामग्री के प्रयोग का ज्ञान और कौशल बखूबी होना चाहिए। डायट के प्रवक्ता अखिलेश कुमार सिंह ने गणित में एवं अंबालिका मिश्रा, शबनम, विपिन कुमार ने विज्ञान में नोडल के रूप में कार्यक्रम के समन्वयं में कार्य किया।प्रदर्शनी में डायट के प्रवक्ता, डॉ अब्दुल मोहयी, डॉ प्रसून कुमार, डॉ अमित सिंह, डॉ राजेश कुमार पांडे, निधि मिश्रा, शशांक आदि भी उपस्थित रहे।

### जंघई जंक्शन के पूर्वी छोर पर एक महिला की ट्रेन से कटकर मौत

**जंघई।** रेलवे स्टेशन जंघई जंक्शन के पूर्वी छोर पर सरायममरेज थानांतर्गत रेलवे फाटक बाबा नगर जंघई के समीप रविवार मध्य रात्रि में एक अज्ञात महिला की कटकर मौत हो गई। बाबा नगर जंघई बाजार से जरौना जाने वाली सड़क पर स्थित रेलवे फाटक पर महिला कहां से आई थी या कहां जा रही थी यह ट्रेन से गिर गई पता नहीं चल पाया है महिला की उम्र लगभग 45 वर्ष थी। महिला के कटने की सूचना स्थानीय लोगों ने गेटमैन को दिया तो गेटमैन ने इसकी सूचना जंघई स्टेशन अधीक्षक को दिया। स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर आरपीएफ उप निरीक्षक दीपक कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी सरायममरेज पुलिस को दिया। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज जंघई संजय कुमार मौर्य एवं उप निरीक्षक सौरभ कुमार ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम हेतु प्रयागराज भेज दिया। एसएचओ सरायममरेज योगेश प्रताप सिंह ने कहा है कि महिला की जान पहचान हेतु लोगों को सूचना दी गई है जल्द ही पता कर लिया जाएगा।

### किन्नरों का गिरोह ने किया हंगामा पैसा जंजीर लेकर फरार

**फाफामऊ।** मंगलवार को फाफामऊ चौराहे पर किन्नरों ने नग्न होकर किया हंगामा जिससे जाम की स्थिति बनी रही।किन्नरों के आतंक व मोटी रकम की वसूली से लोग परेशान हो गये है।मंगलवार को फाफामऊ चौराहे के संगीता केशरवानी अपने परिवार के साथ घर के ऊपरी तल पर बैठी थी कि अचानक कथित किन्नरों का गिरोह के के अन्दर घुसकर नेग की मांग कि तब संगीता ने कहा की पुत्री की शादी की है।इसमे नेग नहीं बनता फिर भी आपलोग इक्वान सौ ले लीजिए इतने मे सभी किन्नर भडक गये। गालियां देते हुए संगीता से 51सौ रुपये और गले मे पहनी सोने की जंजीर छीनकर बाहर आकर सभी किन्नर पूर्णतया नग्नावस्था मे हंगामा करने लगे और 51 हजार की मांग करने लगे सरेआम मायार्दा भंग होते देख स्थानीय लोग विरोध किया।तब जाकर पैसा व जंजीर लेकर फरार हो गये।जिसकी तहरीर संगीता ने फाफामऊ थाने मे दी है।ग्तव्य हो कि 19 जनवरी को संगीता ने पुत्री का विवाह किया था।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद एवं डॉ. कुमार विश्वास ने संगम में लगाई डुबकी

**औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश सरकार की ओर से किया स्वागत**

**पूर्व राष्ट्रपति ने नन्दी सेवा संस्थान के शिविर का किया उद्घाटन**

**पूर्व राष्ट्रपति ने कहा वन नेशन वन इलेक्शन देश के आर्थिक विकास में गेम चेंजर साबित होगा**





**महाकुंभनगर।** भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत और लोक आस्था के महापर्व एवं धर्म,अध्यात्म एवं संस्कृतियों के महासमागम महाकुम्भ 2025 में सम्मिलित होते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द एवं प्रख्यात कवि युग वक्ता एवं अपने-अपने राम के जरिये प्रभु श्री राम की कथा का वैज्ञानिक एवं तार्किक विश्लेष्ण करने वाले डॉ. कुमार विश्वास ने उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ त्रिवेणी संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। मंत्री नन्दी ने संगम घाट पर भारत गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। वहीं डॉ. कुमार विश्वास ने मां गंगा का जयकारा लगाते हुए एवं श्री राम धुन गुनगुनाते हुए स्नान किया। मंत्री नन्दी ने मंगलवार को दिन में संगम क्षेत्र के वीआईपी घाट पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत एवं अभिन्दन किया। वीआईपी घाट पर पर पूर्व राष्ट्रपति ने अपनी पत्नी एवं पुत्री के साथ संगम की पवित्र जलधारा में डुबकी लगाई। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी भी इस दौरान मौजूद रहे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति का हाथ पकड़ कर स्नान में उनका सहयोग किया। पूर्व राष्ट्रपति ने स्नान के बाद मंत्रोच्चारण के बीच सपरिवार मां गंगा, यमुना एवं अदृष्य सरस्वती की पूजा-अर्चना की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए एवं उनके सवालों का जवाब देते हुए पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन देश के आर्थिक विकास में गेम चेंजर साबित होगा। इससे देश के जीडीपी इकोनॉमी कंडीशन में काफी सुधार होगा। स्नान एवं पूजा के बाद पूर्व राष्ट्रपति मेला क्षेत्र के सेक्टर 24 स्थापित नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में पहुंचे जहां उन्होंने शिविर का उद्घाटन किया। प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने पूर्व राष्ट्रपति का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। डॉ. कुमार विश्वास भी नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में पहुंचे।

### संदिग्ध हालात में युवक का शव कुआं में मिला, किया गया अन्तिम संस्कार

**मऊआइमा।** चौबीस घंटे से गायब युवक का शव घर के पास कुआं में मिला।बिना पुलिस को सूचना दिए अन्तिम संस्कार कर दिया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बसदेहया निवासी उदय चन्द्र उर्फ हैदर 40 पुत्र बच्चे लाल उर्फ बचऊ 19 जनवरी को दिनभर घर से गायब था।जब देर शाम तक घर नहीं आया तो परिजनों द्वारा रातभर फिर सारा दिन उसकी तलाश में जुटे रहे। बताया गया है कि उदय चन्द्र उर्फ हैदर 40 वर्ष का शव घर के पास स्थित कुआं के अन्दर संदिग्ध हालत में मिला।जिसे कांटा से सोमवार को देर रात में निकाला गया। बताया गया है कि मृतक उदय चन्द्र उर्फ हैदर के दो पुत्रियां एक पुत्र है।उनकी पत्नी का सात वर्ष पूर्व देहशांत हो चुका है।वह नशे का लती था। ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार को सुबह बिना पुलिस को सूचना दिए उदय चन्द्र उर्फ हैदर के शव का अन्तिम संस्कार छतनाग घाट पर किया गया। उदय चन्द्र उर्फ हैदर की मौत पर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।इस बाबत इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी बीएससी फर्स्ट ईयर सेकंड ईयर थर्ड ईयर रोल नंबर 21 30 11 00 410 21 वा ई रोल नंबर PRSU 20 11 7795 BPO महाविद्यालय और परीक्षण संस्थान सिराथू कौशांबी सम्बद्ध प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) यूनिवर्सिटी प्रयागराज की मार्कशीट गुलमीपुर बाजार में खो गई है जिसका प्रयोग अवैध है।

**अर्पिता सिंह पुत्री शिव कुमार सिंह निवासी गनपा सैनी सिराथू जनपद कौशांबी ।**

**आवश्यकता है**

**प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान**

सम्बद्ध प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भइया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

**निम्न पद हेतु सहायक आचार्य की आवश्यकता है-**

स्नातक स्तर कला संकाय
संस्कृत -01 पद

वेतन यूजीसी के मानकानुसार

विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिनों के अंदर आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करें।

**प्रबन्धक/सचिव**
**प्रतिभा उच्च शिक्षा संस्थान**
**फूलपुर उर्फ शेखपुर प्रयागराज**
**मो.नं. 8707046593, 9452145821**
**ई-मेल pratibhaucchsiksha@gmail.com**

# 270 ट्रकें दस दिन से पार्किंग में खड़ी, चालकों ने किया हंगामा

### महाकुम्भ मेले के लिए पानी की बोतल और कोल्डड्रिंक का था आर्डर, 270 चालक लेकर पहुंचे झूंसी, अब मालिक फोन भी नहीं उठा रहे



**झूंसी।** 270 से अधिक ट्रकों में मैसूर, कर्नाटका से महाकुम्भ मेले में बंटने के लिए पानी और कोल्ड ड्रिंक लाया गया है, लेकिन 10 दिन से ट्रक चालक झूंसी के चीनी मिल पार्किंग में खड़े हैं, क्योंकि ट्रक खाली नहीं हो रहे हैं। ट्रक चालकों ने मंगलवार शाम को हंगामा किया। बोले कि पार्किंग शुल्क के रूप में 260 रुपये प्रति दिन वसूले जा रहे हैं। दस दिन में अब उनकी जेब खाली हो चुकी है। चालकों का कहना है कि उनके पास खाने के लिए भी पैसे नहीं हैं और न ही ट्रक मालिक फोन उठा रहे हैं, न ही ट्रक खाली करवा रहे हैं। महाकुम्भ मेले में यज्ञ करा रहे भारत भारद्वाज ने बताया कि पानी का वितरण जारी है, लेकिन लेबर नहीं मिल रहा है। यह पानी एक निजी की ओर से भेजा गया है। चीनी मिल पार्किंग महाकुम्भ मेले की सबसे नजदीकी पार्किंग है, जहां 10 दिनों से इतनी बड़ी संख्या में ट्रक खड़े हैं कि पार्किंग का आधा हिस्सा भर चुका है। यदि ट्रक खाली नहीं हुए, तो मौनी अमावस्या पर स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। बता दें कि मौनी अमावस्या पर करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं। अभी से पार्किंग फुल होने लगी है। ऐसे में 270 ट्रकों के खड़ होने से स्थिति भयावह हो जाएगी।

# नगर विकास एवं उर्जा मंत्री मंत्री ने किया उच्च स्तरीय बैठक



**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ में उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के दृष्टिगत प्रयागराज शहर सहित कुंभ मेला क्षेत्र में 28, 29 एवं 30 जनवरी को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहेगी। मौनी अमावस्या के दिन 08 से 10 करोड़ श्रद्धालुओं के पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाने की संभावना है। इस दृष्टि से अभी से सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य व्यवस्थाओं के लिए पूरी तरह से सतर्क रहें। महाकुंभ मेले के प्रबंधन हेतु ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री तीन दिन से मेला क्षेत्र में डटे हैं। मेला प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन्होंने कहा कि महाकुंभ को अद्वितीय और अलौकिक बनाने में कोई कोर-कसर नहीं रखनी है। लोगों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाय और तकनीक का भरपूर उपयोग किया जाय। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं उर्जा मंत्री ए.के. शर्मा महाकुम्भ मेला क्षेत्र में दिन प्रतिदिन बढ़ रही भीड़ के दृष्टिगत खासकर मौनी अमावस्या में महाकुम्भ की तैयारियों को लेकर युद्ध स्तर पर सक्रिय दिखे। उन्होंने सोमवार को शाम मेला प्राधिकरण कार्यालय में उच्च स्तरीय बैठक कर अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिया। उन्होंने मेला में आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए सड़क,परिवहन,व रेलवे के उच्च अधिकारियों को भी अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश दिया। यात्रियों की सुविधा के लिए सभी यात्रियों को रोडवेज बस और ट्रेनों के विषय में टोल फ्री नंबर के माध्यम से जानकारी दिया जाये। और मेला क्षेत्र में ऐसे सभी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी बैनर पोस्टर और अन्य माध्यम से प्रचारित किया जाये। भीड़ को सूचना देने और नियंत्रित करने में कहीं पर भी चूक न हो। श्रद्धालुओं के लिए कुंभ क्षेत्र में प्रवेश और निकास और अन्य सुविधाओं को दशार्ने वाले बोर्ड की भी समुचित व्यवस्था हो। कुंभ मेला क्षेत्र में सफाई कार्यो और स्वच्छता की सभी श्रद्धालु प्रशंसा कर रहे हैं, इसे लगातार बनाए रखना है। सभी सड़क और तिराहे पर बिजली और लाइटिंग की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जलकल विभाग के कार्मिक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, सीवर सफाई एवं जल निकासी पर विशेष रूप से ध्यान देंगे। इस दौरान मेला अधिकारी प्रयागराज प्रमुख सचिव नगर विकास , सचिव नगर विकास ,एमडी जल निगम, चीफ बिजली विभाग, अउॠ पुलिस, अधीक्षक, डीआईजी ट्रैफिक, डीजी एवं डीआईजी फायर सर्विस, रेलवे के सभी उच्च अधिकारी और मार्ग परिवहन समस्त उच्च अधिकारी गण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

# 413 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

## नव दांपत्य जोड़ों को सांसद, विधायक, जिलाधिकारी व अन्य अतिथियों ने दिया आर्शीवाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत एटीएल ग्राउण्ड में सामूहिक विवाह के तहत 413 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में 408 हिन्दू जोड़े एवं 05 मुस्लिम जोड़े विवाह के बंधन में बंधे। सभी शादियां अपने रीति रिवाज के अनुसार हुई हिंदू धर्म की शादी वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से व मुस्लिम शादियां निकाह के माध्यम से संपन्न की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांसद प्रतापगढ़ एस0पी0 पटेल, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, नगर पालिका परिषद बेल्हा अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी जी के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, सांसद के प्रतिनिधि बी एल पटेल, राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि राय साहब, विधायक प्रतिनिधि



अरुण कुमार मौर्य सहित अन्य अतिथियों ने सम्मिलित होकर नव दांपत्य जोड़ों को आर्शीवाद दिया।

इस अवसर पर सांसद प्रतापगढ़ एस0पी0 पटेल ने कहा कि गरीब पुत्रियों की विवाह के लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वरदान सावित हो रही है इसके लिये मुख्यमंत्री बधाई के पात्र है। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सभी जोड़ो को बधाई देते हुये समाज कल्याण विभाग द्वारा किये गये भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की बेटियों को परिणय सूत्र में बांधने का कार्य कर रही है। यह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि एक तरफ जहां कई वर्ष के बाद एक ऐसा शुभ अवसर आया है जहां पावन तीर्थ प्रयागराज की धरती पर महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है वहीं ऐसे शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन हो रहा है यह निःसन्देह बहुत ही शुभ संकेत है। उन्होने सभी नव दांपत्य जोड़ो को बधाई एवं शुभकामनायें दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास



अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, नगर पालिका परिषद बेल्हा अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत एक जोड़े पर सरकार द्वारा 51000 रूपये की धनराशि खर्च की जाती है जिसमें 35 हजार रूपये लड़की के खाते में, 10 हजार का श्रंगार, ज्वेलरी ,कपड़ों, बर्तन पर खर्च किये जाते हैं व 6 हजार रुपए की धनराशि से विवाह कार्यक्रम के आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड आसपुर देवसरा के 38, बाबा बेलखरनाथधाम के 19, पट्टी के 24, मंगरौरा के 27, सदर के 19, मानधाता के 49, सण्ड़वा चन्द्रिका के 22, गौरा के 15, शिवगढ़ के 11, लालगंज के 20, सांगीपुर के 24, रामपुर संग्रामगढ़ के 14, लक्ष्मणपुर के 34, बिहार के 10, बाबागंज के 12, कुण्डा के 27, कालाकांकर के 31 जोड़ो व समस्त नगर पंचायत के 17 जोड़ों का विवाह पूरे विधि विधान के साथ शादी सम्पन्न करायी गयी। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकान्त दर्वे, सह जिला विद्यालय निरीक्षक आरपी सरोज सहित डा0 विन्ध्याचल सिंह आदि सम्मिलित हुये। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर मोहम्मद अनीस द्वारा किया गया।



## छात्रा से अश्लील हरकत व छेड़छाड़ के की जांच शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** उच्च प्राथमिक विद्यालय की नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत व छेड़छाड़ के मामले की जांच करने मंगलवार को पट्टी कोतवाली पुलिस व खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय पहुंचकर आरोपित प्रधानाध्यापक व स्टाप का बयान दर्ज किया। वहीं शिकायतकर्ती महिला व छात्रा का बयान नहीं हो सका क्योंकि छात्रा विद्यालय नही आई थी। घटना को लेकर इलाके में चर्चाओ का बाजार गर्म है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेषपुर अठगवा गांव की एक महिला ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग बेटी गांव के ही उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती है। तीन दिन पूर्व वह स्कूल गई तो इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक उसे अपने पास बुलाया और उसके साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ किया विरोध करने पर तेजाब से चेहरा जलाकर बर्बाद करने व जान

### पुलिस व खंड शिक्षा अधिकारी ने लिया प्रधानाध्यापक का बयान

से मारने की धमकी दी।इस मामले पीड़ित छात्रा की मां ने प्रधानाध्यापक के विरुद्ध सोमवार को कोतवाली में तहरीर दी। हरकत में आई पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारी मंगलवार को स्कूल पहुंचकर आरोपित शिक्षक व स्टाफ के लोगों का बयान लिया।इस संबंध में बेलखरनाथ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी बृजेन्द्र निगम ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों व स्टाफ के अलावा ग्रामीणों का बयान दर्ज किया गया है छात्रा और उसकी मां का बयान नहीं हुआ है क्योंकि वह बयान दर्ज कराने न स्कूल आई और न ही पर मिली घर पर थी। शिकायत थाने गई है जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।पट्टी कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि जांच अभी हो रही है जांच पूरी होने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## व्यापारी के निधन पर जताया गया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज।** नगर के व्यापारी अशोक मोदनवाल 52 का मंगलवार की सुबह गंभीर बीमारी के चलते आकस्मिक निधन हो गया। निधन की जानकारी मिलने पर बाजार में शोक छा गया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने व्यापारी के निधन पर दुःख जताया है। वहीं व्यापार मण्डल की हुई शोक सभा में अशोक मोदनवाल के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ज्ञानचंद्र मोदनवाल, अंजनी कौशल, एबादुर्रहमान, सदाशिव जायसवाल, पप्पू जायसवाल, डॉ. ओमप्रकाश जायसवाल, झुन्ना तिवारी, राजकुमार मिश्र, डॉ. सुनील मोदनवाल आदि रहे।

## मन की निर्मलता में है प्रभु की कृपा-पं. जगदीप तिवारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के संगम चौराहे के समीप हो रही श्रीमदभागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण के भक्त वात्सल्य का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास वृंदावन से पधारे पं. जगदीप तिवारी ने कहा कि भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए मन को सदैव निर्मल रखना चाहिए। उन्होंनें कहा कि सच्चे मन से श्रीकृष्ण की आराधना का प्रतिफल भक्त को सदैव भगवान के वात्सल्य मे मिला करता है। उन्होंनें कहा कि मनोकामना सदैव स्वान्तःसुखाय की जगह सर्वसुख की होनी चाहिए। कथाव्यास जगदीप तिवारी ने श्रीमदभागवतगीता के हर स्त्रोत को जीवन पथ का सुमंगल मार्गदर्शन निरूपित किया। वहीं कथा में भगवान बांके बिहारी के सुमधुर भजन पर महिला श्रद्धालुओं को मनमोहक भाव नृत्य में रमे देखा गया। समाजसेवी देवीदयाल द्विवेदी तथा जगदीश द्विवेदी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। अधिवक्ता मुकेश द्विवेदी ने कथाव्यास को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस मौके पर मिथलेश जायसवाल, अमितेश शुक्ल, दिनेश सिंह, हेमन्त पाण्डेय, पं. रामकृष्ण ओझा, रामलोचन त्रिपाठी आदि रहे।

### रनिंग भत्ते की मांग को लेकर गार्डो का विरोध प्रदर्शन आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** टीए के अनुरूप रनिंग भत्ते में 25 प्रतिशत वृद्धि को लेकर आल इंडिया गार्ड काउंसिल और लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन शाखा मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 22 जनवरी को विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शाखा सचिव अमरनाथ तिवारी ने बताया है कि विरोध प्रदर्शन लॉबी के सामने सुबह दस से शुरू होगा। एक बजे तक चलेगा। मंडल अध्यक्ष आर एम सरोज ने बताया कि भत्ते की मांग को लेकर एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।



## जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी समस्याएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व व अन्य शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े।

उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

## कधंई पुलिस ने आठ लोगों का किया शांति भंग में चालान

**अखंड भारत संदेश**

**बेलखरनाथ धाम।** आबादी की जमीन को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया। कंधई थाना क्षेत्र के बरहा गांव निवासी रामसागर योगेश अग्रहरि के बीच जमीन को लेकर कहां सुनी के दौरान दोनों पक्षों की तरफ से लाठी डंडे चलने लगा आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव के बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आठ लोगों को थाने ले आई। और सभी का शांति भंग में चालान कर दिया।इस संबंध में थाना प्रभारी कंधई अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी।दोनों पक्षों के आठ लोगों को शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चालान किया गया है।

## मैकेनिक की डंडे से पिटाई कर किया लहूलुहान, शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** दुकान पर काम कर रहे मैकेनिक को डंडे से पीट कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने थाने पर शिकायत की है। जौनपुर जनपद के सिकरारा थाना क्षेत्र के भिलमपुर गांव निवासी रोहित तिवारी उड़ैया डीह बाजार स्थित पवन रावत के ऑटो गैरेज पर मैकेनिक का काम करता है। मंगलवार की शाम वह गैरेज पर काम कर रहा था। इस दौरान जलालपुर किठौली का एक युवक अपने एक अज्ञात साथी के साथ डंडा लेकर बाइक से आया और उसे मार-पीट कर लहू लुहान कर दिया । शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया। घायल ने थाने पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है।

## मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों के पैर मे लगी गोली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एसपी के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर लालगंज कोतवाली पुलिस को मुठभेड़ में दो शातिर अर्न्तजनपदीय बदमाशो को दबोचने में बड़ी कामयाबी मिली है। बदमाशों के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़ में सोमवार की रात लालगंज पुलिस ने हिरासत मे लिए गए बदमाशों से धोखाधड़ी कर पीड़ित से हडपे गये नकदी के साथ तमंचे व कारतूस भी बरामद किये हैं। जिले के एसपी डॉ. अनिल कुमार के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव सोमवार की रात फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। पुलिस की चेकिंग अभियान के तहत कोतवाली के उधरनपुर नाले के समीप अचानक बदमाशों से आमना सामना हो गया। फोर्स को देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने भी जबाबी फायरिंग करते हुए बदमाशों से लोहा ले लिया। पुलिस की जबाबी फायरिंग में दोनों शातिर बदमाशों के पैर में गोली लग गयी। पुलिस की गोली लगने पर बदमाश लहूलुहान होकर गिर पड़े। पुलिस टीम ने बदमाशों को दबोचा। पकड़े गये बदमाश जिले की नगर कोतवाली के अचलपुर निवासी मो. अख्तर के पुत्र शोएब उर्फ रफी 29 के बाएं पैर एवं सांगीपुर थाना के तारापुर निवासी रामसुंदर सिंह के पुत्र रामसिंह 52 के दाएं पैर में गोली लगी है। घायल बदमाशों को पुलिस इलाज के लिए लालगंज



ट्रामा सेंटर ले आयी। प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल बदमाशो को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में मंगलवार को बदमाशो का उपचार जारी बताया गया। घायल बदमाश शोएब उर्फ रफी के पास से तमंचा व कारतूस तथा धोखाधड़ी के छः हजार रूपये एवं रामसिंह के पास से भी तमंचा व कारतूस के साथ धोखाधड़ी के दो हजार रूपये बरामद हुए हैं। बदमाशों के पास से मोबाइल फोन व सीजर बाइक भी बरामद करने में पुलिस को कामयाबी मिली है। घायल बदमाश शोएब उर्फ रफी एवं रामसिंह के खिलाफ प्रतापगढ़ थाना अमेठी व रायबरेली तथा सुल्तानपुर जिलो के थानों में लूट, हत्या के प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं मे केस दर्ज है। पुलिस पूछताछ में बीती दस जनवरी को लालगंज नगर के बैंक आफ इण्डिया शाखा से पचास हजार रूपये निकाल कर आ रहे अझारा निवासी विंध्यवासिनी तिवारी से धोखाधडी कर पचास हजार रूपये के मुकदमें मे भी आरोपियों की संलिप्तता का पर्दाफाश हुआ है। लालगंज पुलिस की इस सफलता की जानकारी मिलने पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय तथा सीओ रामसूरत सोनकर ने भी अस्पताल पहुंचकर घायल बदमाशों से पूछताछ किया। वहीं एसपी डॉ. अनिल कुमार ने भी कोतवाली पुलिस के साहसिक मुठभेड को अपराध नियंत्रण अभियान की सफलता करार दिया। सूत्रों के मुताबिक प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने भी प्रतापगढ़ पुलिस की सफलता को लेकर एसपी समेत पुलिस टीम को प्रशंसा प्रवृष्टि दिये जाने की बात कही है।

## भूमि पर कब्जे की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के चक रामचंद्रपुर गांव निवासी राम अवध ने अपर जिला अधिकारी व उप जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोग एक उसर भूमि जो कि राजस्व अभिलेखो में सरकारी भूमि के रूप में दर्ज है उस पर कब्जा किया है। आरोप है कि उसी के बगल स्थित उनकी भूमि पर भी जबरन कब्जा कर रहे हैं। जब वह रोकने जाते हैं तो उन्हें लाठी डंडा फावड़ा लेकर दौड़ा लिया जाता है। क्षेत्रीय लेखपाल से भी कई बार शिकायत की गई पर वह भी कोई उचित कार्रवाई नहीं करता। जिससे विपक्षियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। पीड़ित ने मंगलवार को उच्च अधिकारियों से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## डंफर की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**



**लालगंज।** तीव्र गति से डंफर ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में घायल युवक की अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गयी। युवक की मौत से परिजनों मे कोहराम मच गया। उदयपुर थाना क्षेत्र के जोधेपुर बेंदुअन अठेहा निवासी दयाराम गुप्ता का पुत्र सूरज 20 सोमवार की देर शाम अठेहा बाजार से साइकिल से घर लौट रहा था। अठेहा में बडौदा बैंक के पास पीछे से अमेठी की तरफ से आ रहे डंफर ने साइकिल मे जोरदार टक्कर मार दी। युवक गंभीर रूप से चुटहिल हो गया। इलाज के लिए परिजन उसे सांगीपुर सीएचसी ले गये। इलाज के दौरान अस्पताल में युवक की सांसे थम गयीं। जानकारी मिलने पर रोते बिलखते परिजन अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए भेजवाया। मृतक चार भाइन्यों मे सबसे बड़ा था। वह रोजमर्रा मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण किया करता था।

## दो पर मारपीट, दलित उत्पीड़न का केस

**लालगंज।** क्रिकेट मैच के दौरान हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत रसूलपुर गुलरहा गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र रामखेलावन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बारह जनवरी को वह गांव में ही चल रहे क्रिकेट टूर्नामेण्ट में मैच खेलने गया था। आरोप है कि इसी बीच गांव के प्रभाकर तिवारी उर्फ ज्ञानू पुत्र स्व. सुरेश नारायण तिवारी तथा अमन तिवारी पुत्र वीरेन्द्र तिवारी वहां पहुंचे और मैच खेलने को लेकर दबाव बनाने लगे। पीड़ित के मना करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दी और मारापीटा। वहां मौजूद लोगों के बीचबचाव करने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते चले गये। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद प्रभाकर व अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दबंग कर रहे भूमि पर कब्जा, शिकायत एसडीएम से

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी।** स्टे के बाद भी दबंग भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। कब्ज रोकने पर गालियां देते हुए लाठी डंडा लेकर दौड़ा लेते है। जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से की गई है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव निवासी भोलानाथ यादव ने उप जिलाधिकारी पट्टी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनकी एक भूमिका का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने विवादित भूमि पर यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है। बावजूद इसके विपक्षी रेत सीमेंट व निर्माण आदि की सामग्री गिराकर उस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। रोकने पर उसे लाठी डंडा लेकर दौड़ा लियाव गालियां दी गई। जान से मारने की धमकी भी दी गई। घर में भाग कर वह किसी तरह अपनी जान बचाई। पीड़ित ने मामले की शिकायत मंगलवार को उप जिलाधिकारी पट्टी से की। उप जिलाधिकारी पट्टी तनवीर अहमद ने क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस को जांच कर उचित कार्वाई करने का आदेश दिया है।

## जरूरतमंदो को बांटा गया कंबल, राहत में लाभार्थी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बेलहा गांव में मंगलवार को जरूरतमंदो को कंबल बांटा गया। सेवा प्रथम फाउण्डेशन की ओर से परम्परागत कंबल वितरण में सैकडो लाभाथिन्यों में कंबल पाकर राहत महसूस हुई दिखी।

संयोजक एवं फाउण्डेशन के अध्यक्ष इं. अतुल शुक्ला ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा निश्छल होनी चाहिए। लाभार्थी हरी लाल गौतम, नरेन्द्र सिंह, सोनिया यादव, सबीना बानो आदि ने आयोजन को सराहा।



कार्यक्रम का संचालन अभिनव शुक्ल ने किया। इस मौके पर कृष्णदत्त शुक्ल, चक्रधर शुक्ल, अवशेष शुक्ल, अधिवक्ता आलोक शुक्ला, शिवकुमार गुप्ता, दिनेश यादव, विद्याधर शुक्ल आदि रहे।

# पत्रकार सतीश नामदेव का हार्ट अटैक से हुआ निधन

● न्यू प्रेस क्लब कौशाम्बी के उपाध्यक्ष के निधन से पत्रकार जगत में शोक की लहर

**अखंड भारत संदेश**





**कौशाम्बी।** जनसंदेश टाइम समाचार पत्र के जिला संवाददाता ब्यूरो चीफ सतीश नामदेव का हार्ट अटैक से निधन हो गया है जिससे पत्रकार जगत में गहरा सदमा है बीते 20 वर्षों से सतीश नामदेव पत्रकारिता के क्षेत्र में जुड़े रहे और विभिन्न समाचार पत्र में ब्यूरो चीफ जिला संवाददाता के पद पर वह कार्य कर चुके हैं मधुर स्वभाव के चलते उन्होंने पत्रकारों के बीच अपनी पहचान बनाई और न्यू प्रेस क्लब के चुनाव में वह उपाध्यक्ष भी चुने गए न्यू प्रेस क्लब कौशाम्बी के उपाध्यक्ष एवं जनसंदेश टाइम्स अखबार के ब्यूरो चीफ सतीश नामदेव का मंगलवार को हार्ट अटैक के बाद इलाज के दौरान निधन हो गया। सतीश नामदेव के निधन से पत्रकार जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। घर परिवार में कोहराम मचा हुआ है कुछ दिन पूर्व सतीश नामदेव को ब्रेन हैमरेज भी हुआ था,जिसका इलाज कराकर वह घर आ गए थे डॉक्टर का इलाज चल रहा था लेकिन मंगलवार की सुबह अचानक उन्हें हार्ट अटैक का झटका लगा जब तक परिवार के लोग अस्पताल लेकर गए ईश्वर ने उन्हें अपने पास बुला लिया। सतीश नामदेव के निधन से पत्रकार जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। जिले के विभिन्न पत्रकार संगठनों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार देर शाम कर दिया गया है। अंतिम संस्कार में परिवार रिश्तेदारों के साथ-साथ तमाम पत्रकार साथी भी शामिल हुए हैं तमाम पत्रकार उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन कर दिलायी जायेगी शपथ

**कौशाम्बी।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार दिनांक 25 जनवरी 2025 को (पन्द्रहवें) राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जायेंगा। इस अवसर पर मतदाता दिवस से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेंगा तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले समस्त सरकारी/अर्द्ध सरकारी कर्मचारी/मतदाताओं को-ह्लहम, भारत के नागरिक, लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाये रखेंगे तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेह्वकी शपथ दिलायी जायेगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरूण कुमार ने जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयध्यक्षों को अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों/ मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर पूर्वान्ह 11 बजे शपथ दिलाने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही कार्यक्रम के फोटोग्राफ एवं वीडियोग्राफ सम्बन्धित कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

## न्यूज झरोखा

## गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रिहर्सल परेड का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा आगामी गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया व टोलीवार परेड का रिहर्सल कराया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## महाकुंभ स्नान करने पहुंचे वृद्ध आश्रम के बुजुर्ग



**कौशांबी।** प्रयागराज के संगम क्षेत्र में आयोजित महाकुंभ क्षेत्र में स्नान करने के लिए वृद्ध जन आश्रम के प्रबंधक आलोक राय ने बुजुर्गों के स्नान के लिए उन्हें प्रयागराज लेकर गए और बुजुर्गों को महाकुंभ क्षेत्र के संगम में स्नान कराया बताते चलें कि तमाम बुजुर्ग घर छोड़कर वृद्ध जन आश्रम ओसा में निवास कर रहे हैं और उन्होंने भी महाकुंभ स्नान और दर्शन की अभिलाषा जाहिर की थी जिस पर आश्रम के प्रबंधक आलोक राय ने उनकी अभिलाष को पूर्ण किया और आश्रम के खर्चे पर वृद्धो को लेकर के प्रबंधक आलोक राय महाकुंभ क्षेत्र प्रयागराज पहुंचे जहां महाकुंभ में आश्रम के बुजुर्गों को स्नान कराने के बाद महाकुंभ का भ्रमण कराया जहां विभिन्न प्रकार के भजन कीर्तन प्रवचन को बुजुर्गों ने सुना और महाकुंभ क्षेत्र के पौराणिक ऐतिहासिक स्थलों का निरीक्षण कर उसका आनंद प्राप्त किया।

## एएसपी सीओ थाना पुलिस ने किया आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त



**कौशाम्बी।** महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना मंझनपुर पुलिस बल के साथ कस्बा मंझनपुर में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई। इसी तरह पूरे जिले की थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ कस्बा चौराहा बाजार में भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया और सुरक्षा का एहसास कराया गया

## 29 जनवरी (मौनी अमावस्या) को बन्द रहेगा परिवार न्यायालय

**कौशाम्बी।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, कौशाम्बी प्रफुल्ल कमल द्वारा मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशन में मकर संक्रान्ति के अवसर पर दिनांक 14.01.2025 को जनपद न्यायालय में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया था। अब स्थानीय अवकाश 14.01.2025 के स्थान पर दिनांक 29.01.2025 को मौनी अमावस्या के अवसर पर परिवार न्यायालय में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। इस दिन परिवार न्यायाल कौशाम्बी का न्यायालय/कार्यालय बंद रहेगा।

## पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पुलिस ने किया भीड़ भाड वाले स्थानों में एरिया डोमिनेशन

**कौशाम्बी।** महाकुम्भ-2025 व गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्र अन्तर्गत मिश्रित आबादी व भीड़भाड वाले स्थानों में एरिया डोमिनेशन किया गया। इसी तरह जिले के संपूर्ण थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल वा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना क्षेत्र अन्तर्गत बाजार चौराहा मिश्रित आबादी व भीड़भाड वाले स्थानों में एरिया डोमिनेशन किया गया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया गया।

## पांच जुआरी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महेवाघाट कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घोघपुर में जुआ के फड़ पर छापा मारा है जुआ की फड़ से 52 ताश के पत्तो के साथ पांच जुआरी अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जुआ की फड़ पर जुआ खेल रहे अभियुक्त तेजऊ, प्रहलाद, बिंदेश्वरी, गोरे लाल व झब्बू को उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद के साथ विनोद कुमार यादव व कांस्टेबल सूरज, विवेकानंद व राम जी ने गिरफ्तार किया है अभियुक्तों के कब्जे से 4720 रुपये पुलिस ने बरामद कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय में किया है

## थाना पुलिस ने बैरियर लगाकर किया सघन चेकिंग

**कौशाम्बी।** महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गयी है। इसी तरह संपूर्ण जिले के सभी थाना पुलिस थाना अपने-अपने थाना क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की बैरियर लगाकर सघन चेकिंग की गयी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल



**कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिलोकपुर के पास बाइक सवार दो लोगों को किसी वाहन ने टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गए हैं सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक शादाब हुसैन पुत्र मूसा निवासी अटसराय अपने साथी राम मूरत पुत्र जगत लाल निवासी अटसराय को बाइक से सैनी बस स्टॉप छोड़ने जा रहा था जैसे ही दोनों बाइक सवार त्रिलोकपुर के पास पहुंचे किसी वाहन ने टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी कड़ा अस्पताल में भर्ती कराया है।

# हिंदू से ईसाई बनाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### बीमारी के इलाज के नाम पर रुपए की लालच देकर जबरन कराया धर्मांतरण, मामला धर्म परिवर्तन का कम बल्कि धर्म परिवर्तन के नाम पर दिए गए 5 लाख लालच का लगता है अधिक

**कौशाम्बी।** जिले में हिंदुओं को ईसाई बनाने का खेल तेजी से चल रहा है लोगों को धन की लालच दी जा रही है और धन के लालच में लोग ईसाई बनने को तैयार हो रहे हैं इसी तरह का एक मामला फिर सामने आया है जिसमें धर्म परिवर्तन करने वाले को कई महीने बाद जब धन नहीं मिला तो धर्म परिवर्तन करने वाले ने पुलिस से शिकायत किया जिस पर धर्म परिवर्तन के खेल के लगे एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक धर्मांतरण का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है,जहा एक हिंदू युवक को बीमारी ठीक करने का झांसा देकर उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया है,पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक पर मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के वीरेंद्र कुमार दिवाकर सर्वाइकल की बीमारी से लंबे समय से परेशान था जब इलाज से राहत नहीं मिली, तो पास्टर शंकर चौरसिया उन्हें इलाज का लालच देकर जालंधर के एक चर्च में ले गए आरोप है कि वहां पांच लाख रुपये का लालच देकर उनका जबरन धर्म परिवर्तन करा दिया।पीड़ित वीरेंद्र कुमार की शिकायत पर मंझनपुर कोतवाली में पास्टर शंकर चौरसिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस इस मामले में और भी लोगों के शामिल होने की जांच कर रही है। हालांकि इस मामले में धर्म परिवर्तन करने वाला भी कम दोषी नहीं है यदि शंकर लाल के द्वारा 500000 दे दिया जाता तो यह मामला पुलिस की चौखट तक लेकर वह नहीं जाता इसलिए इस मामले में जितना शंकर लाल दोषी है उससे ज्यादा धर्म परिवर्तन करने वाला वीरेंद्र कुमार दिवाकर भी दोषी है यह मामला धर्म परिवर्तन का कम लगता है बल्कि धर्म परिवर्तन के नाम पर दिए गए 5 लाख लालच का अधिक लगता है।

# सड़क हादसे में अधेड़ की दर्दनाक मौत

**मृतक की एक लड़की थी जिसका विवाह हो चुका है अब उनकी कोई अन्य संतान नहीं है, मुंबई में गनमैन की नौकरी करते थे एक महीने पहले मुंबई से लौटे थे वह वापस अपने गांव**

**अखंड भारत संदेश**





**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव का एक अधेड़ सोमवार की शाम भरवारी से अपने घर जा रहा था कोखराज चौराहे के पास तेज गति किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दिया है टक्कर लगने के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले को सूचना घर परिवार पुलिस और एंबुलेंस को दिया है और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है मौत होते ही घर परिवार में कोहराम मच गया है बताया जाता है कि मृतक की एक लड़की थी जिसका विवाह हो चुका है अब उनकी कोई अन्य संतान नहीं है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी फूल चंद्र यादव उम्र 55 वर्ष पुत्र स्वर्गीय किशोर रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहते थे और गनमैन की नौकरी करते थे एक महीने पहले मुंबई से वह वापस अपने गांव महमदपुर लौटे थे सोमवार को वह भरवारी बाजार गए थे और भरवारी बाजार से शाम को वह वापस अपने गांव महमदपुर लौट रहे थे लेकिन कोखराज चौराहे के पास उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया है वाहन की तेज टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर मौजूद लोगों ने दुर्घटना की सूचना घर परिवार के साथ पुलिस और एंबुलेंस को दी और इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन इलाज के दौरान डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके उनकी दर्दनाक मौत हो गई है मौत के बाद पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मौत की जानकारी के बाद उनके घर पर लोगों का मजमा लगा है और रिश्तेदारों के बीच कोहराम मचा है।

# राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन भरवारी के नगर अध्यक्ष नीरज बनारसी वा युवा अध्यक्ष हर्षित नागा हुए मनोनीत



**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के सेठ मोहनलाल गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन कौशाम्बी के जिला संरक्षक राम प्रकाश मिश्रा, वा जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने भरवारी मे व्यापारियो की बैठक खुली कर नगर अध्यक्ष नीरज केसरवानी बनारसी वा युवा नगर अध्यक्ष हर्षित केसरवानी नागा को मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी ने भरवारी नगर कि खुली बैठक मे नगर अध्यक्ष नीरज बनारसी, उपाध्यक्ष सुमित कुमार उर्फ यश कुमार, वा विनोद कुमार राजू, इस्तेखार अहमद, महामंत्री मुकेश केसरवानी, मंत्री अतुल और युवा अध्यक्ष हर्षित केसरवानी, महामंत्री मोहित केसरवानी, उपाध्यक्ष शांतनु केसरवानी, प्रिंस, धीरज चौरसिया सचिन, मीडिया प्रभारी अरुण गुप्ता पत्रकार, इंद्रेश पांडे, मोहित सोनी , उमाकांत साहू, अभिषेक कश्यप राजा को मनोनीत किया गया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के जिला संरक्षक राम प्रकाश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अरविंद केसरवानी, नगर संरक्षक वीरेंद्र कुमार कोको, बालकिशन रहे। राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन कि महिला प्रान्तीय महामंत्री ज्योति गुप्ता महिलाओ के वृहद समूह के साथ उपस्थित रही।राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के प्रान्तीय मंत्री अभिजीत केसरवानी जीतू , नगर पालिका अध्यक्ष शिवम केसरी जिला उपाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल बब्बू वा उपांशु, पश्चिम शरीरा व्यापार संगठन के नगर अध्यक्ष जितेन्द्र कौशल नगर संगठन के सभी पदाधिकारियो के साथ उपस्थित रहे।पश्चिम शरीरा नगर के जिला उपाध्यक्ष हेतु राकेश केसरवानी सीमेंट वाले घोषित हुवे। नगर के व्यापारी के साथ सम्मानित पार्षद शंकर लाल केसरवानी पार्षद प्रतिनिधि ऋषि केसरवानी बच्चा, तुषार केसरवानी तनु, समेत सैकड़ो व्यापारी उपस्थित रहे।

# टीम भावना के साथ कार्य करने से सभी प्रकार के लक्ष्य किये जा सकतें हैं पूर्ण : जिलाधिकारी

**विकसित कौशांबी अभियान के तहत अधिकारियों के व्यवहार तथा आचरण को बदलने एवं टीम भावना के साथ कार्य करने के सम्बन्ध में किया गया प्रशिक्षित**




**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में आंकाक्षी ब्लॉक कार्यक्रम नीति आयोग के अन्तर्गत चल रहें विकसित कौशाम्बी अभियान में समस्त जिलास्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की क्षमतावर्धन तथा व्यवहार एंव आचरण को बदलने के सम्बन्ध में उदयन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा कि विकसित कौशाम्बी अभियान के इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाता रहेंगा। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करने से सभी प्रकार के टारगेट पूर्ण किये जा सकतें हैं। जनपद में ऐसी कोई समस्या नहीं है, जिसे हम सही न कर पायें, इसीलिए सभी को टीमभावना के साथ ही कार्य करने की आवश्यकता हैं। कार्यशाला में नीति आयोग डेवलपमेन्ट पार्टनर एम0एस0सी0 टीम के सलाहकार श्री शशांक गगल द्वारा समस्त अधिकारियों को विकसित कौशाम्बी अभियान के अन्तर्गत ह्लहम सबका सपना, विकसित कौशाम्बी अपनाह्व कार्यक्रम के तहत व्यवहार परिवर्तन को कैसे जमीनी स्तर पर उतार सकतें है, का प्रशिक्षण दिया गया। विकसित कौशाम्बी अभियान के तहत गठित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की 07-07 लोगों की 06 टीमें लगायी गई हैं। इसके साथ ही शासन की विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर पर कैसे उतारा जाय, इस सम्बन्ध में टीम के लोगां को प्रशिक्षित किया गया। एकल एवं समूह कार्य से किस तरह गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावशाली परिणाम प्राप्त किये जा सकतें हैं, नेतृत्व की क्षमता से कैसे समस्याओं से समाधान की ओर बढ़ा जा सकता हैं, किस प्रकार चुनौतियों को अवसर में बदला जा सकता है, अपेक्षाओं का प्रबन्धन कैसे किया जाय, पद के प्रति निष्ठावन कैसे रहा जाय एवं किस तरह अधिकतम से अधिक का लक्ष्य प्राप्त किया जाय आदि विषयों पर समस्त अधिकारियों को जोड़ने का प्रयास के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, डीसी मनरेगा मनोज कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव एवं पीडी डीआरडीए नीरज कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आईजीआरएस पोर्टल में असंतुष्ट फीडबैक अधिक प्राप्त होने पर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक है। इसी क्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देशन में जनपद स्तर पर आईजीआरएस संदर्भों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के अनुश्रवण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में आईजीआरएस सेल का गठन किया गया, जो लगातार निस्तारित सदर्भों के विषय में शिकायतकताओं से फीडबैक प्राप्त करता हैं मुख्यमंत्री कार्यालय आईजीआरएस शिकायती सेल से रैण्डम आधार पर आईजीआरएस पोर्टल पर विभाग-अपर पुलिस अधीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी मंझनपुर, अधिशासी अधिकारी भरवारी एवं तहसीलदार सिराथू द्वारा सम्बन्धित संदर्भों पर किये गये निस्तारण पर शिकायतकर्ता द्वारा असंतुष्ट फीडबैक दिया गया है। जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं के असंतुष्ट फीडबैक अधिक प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त असन्तुष्ट फीडबैक शिकायतों को स्वयं मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से वार्ता कर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए असंतुष्ट फीडबैक के प्रकरणों पर कारण सहित अपना स्पष्टीकरण/कारण बताओ नोटिस तीन दिवस के अन्दर जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## बालिकाओं महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध मे महिला पुलिस ने दी जानकारी

**कौशाम्बी।** नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत महिला थाना पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध मे बताया गया तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी महिलाओं बालिकाओं को महिला पुलिस टीम द्वारा दी गई। इसी तरह जिले के अन्य थाना की महिला पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध मे जानकारी दी गई तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी महिलाओं बालिकाओं को महिला पुलिस टीम द्वारा देकर उन्हें जागरूक किया गया है।

# निपुण आकलन टेस्ट के लिए कक्षा एक और दो के बच्चों पर अत्यधिक मेहनत करे डायट प्रशिक्षु



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** अटल आवासीय परीक्षा के लिए डायट के शिक्षक कक्षा एक और दो के बच्चों पर अधिक मेहनत करें जिससे बच्चे अटल आवासीय परीक्षा में सफल हो सके कड़ा ब्लाक के शहजादपुर न्याय पंचायत की जनवरी माह की मासिक संकुल बैठक का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय अंदावा में मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में आए एसआरजी ओम प्रकाश सिंह ने शिक्षकों से कहा कि अटल आवासीय परीक्षा के लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ अपने सेवित क्षेत्र की सूची के अनुसार सर्वे करके कक्षा पांच और कक्षा आठ में पढ़ रहे बच्चों का अधिक से अधिक फार्म भरवाए। शिक्षकों से उन्होंने कहा कि फरवरी माह में डायट प्रशिक्षुओं द्वारा निपुण आकलन टेस्ट के लिए कक्षा एक और दो के बच्चों पर अत्यधिक मेहनत करे जिससे बच्चे आकलन में निपुण हो सके। डीबीटी में सभी अनसीडेड खातों को अभिभावकों को बैंक भेज कर सीडेड कटवाएं। बीआरसी में आधार बनने की प्रक्रिया गतिमान है, जिन बच्चों का आधार नहीं बना है उनके अभिभावकों को सूचित करते हुए उन्हें आधार बनवाने के लिए बीआरसी भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में कायाकल्प से संबंधित सभी 18 पैरामीटर में जो विद्यालय स्तर पर अपूर्ण जो उसे पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही बच्चों के शिक्षण में दीक्षा एप, रीड एलांग एप सहित शिक्षण एप का अत्यधिक प्रयोग करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करें। बैठक में नोडल शिक्षक संकुल अखिलेश शुक्ला, संकुल शिक्षक गुलाब सिंह, संतोष कुमार, बृजश्याम, राकेश कुमार, शिक्षक मनोज द्विवेदी, अरुण मिश्रा, विद्यानिवास पांडेय, रामप्रकाश त्रिपाठी, माया सिंह, रिया सेठी, प्रतिभा सिंह सहित संकुल के समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक उपस्थित रहे।इसी तरह सिराथू ब्लाक के बम्हरौली न्याय पंचायत की संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय केसौवापुर में कराई गई। जहां पर शिक्षकों को जानकारी प्रदान की गई।

## महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना कैम्प शिविर का आयोजन सिराथू में

**कौशाम्बी।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, योजनान्तर्गत निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पांशरशिप योजना, विधवा पुत्री शादी अनुदान, विधवा से विवाह करने पर दम्पत्ति पुरस्कार योजना, दहेज से पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता, दहेज से पीड़ित महिलाओं को आर्थिक सहायता एवं दिव्यांग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अन्तर्गत पात्र महिलाओं एवं बच्चों के चिन्हांकन एवं प्रोत्साहित किये जाने के लिए दिनांक 23.01.2025 को अपराह्न 12:00 बजे विकास खण्ड परिसर, सिराथू में तहसील क्षेत्र सिराथू के (विकास खण्ड सिराथू के कड़ा तथा नगर निकाय सिराथू, एवं अझुवा) विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं आवेदन किये जाने के लिए चिन्हांकित लाभार्थियों को प्रोत्साहन एवं प्रमाण पत्र वितरण के लिए कैम्प का आयोजन किया जायेंगा।

# सम्पादकीय

## औषधीय पौधा है आक

**कुछ** पेड़-पौधे ऐसे हैं जिनसे हम कई चमत्कारिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इन पेड़ों-पौधों में आक का पौधा भी शामिल है। आक एक औषधीय पौधा है। इसको मदार, आक, अर्क और अकौआ भी कहते हैं। इसे जानवर भी नहीं खाते है। यह बंजर भूमि में भी आसानी से उग आता है। इसके फल से गर्म तासीर की कोमल चिकनी रूई निकलती है। इसमें विषाक्त दूध भरा होता है।

इसका वृक्ष छोटा और छत्तादार होता है। पत्ते बरगद के पत्तों समान मोटे होते हैं। हरे सफेदी लिये पत्ते पकने पर पीले रंग के हो जाते हैं। इसका फूल सफेद छोटा छत्तादार होता है। फूल पर रंगीन चित्तियां होती हैं। फल आम की तरह होते हैं जिनमें रूई निकलती है। आक की शाखाओं में दूध निकलता है। वह दूध विष का काम देता है। आक गर्मी के दिनों में रेतिली भूमि पर होता है। चैमासे में पानी बरसने पर सूख जाता है।

दुर्गम रेतीले टीलों में जहां मीलों दूर तक पेड़ की छांव नसीब नहीं होती हैं। उन जगहों पर आक का पौधा खूब फलता फूलता हैं। राजस्थान के थार मरूस्थल के अलावा आक का पौधा दक्षिण मध्य भारत के गर्म और शुष्क वातावरण में खुले और समतल मैदानों में पाया जाता हैं। आक के पत्ते मोटे और चिकने होते हैं तथा पत्तों के पृष्ठ भाग पर हल्का सफेद आवरण होता हैं जो कि हाथ से रगड़ने पर उतर जाता हैं। आक का पौधा प्राय हर मौसम मे हरा भरा रहने के कारण यह रेगिस्तान का सदाबहार पौधा कहलाता हैं।

आक चार प्रकार के होते हैं (1) श्वेतार्क अर्थात सफेद आक (2) रक्तार्क व लाल आक (3) लाल आक का ही दूसरा प्रकार है जो ऊंचाई में सबसे छोटा और सबसे विषैला होता है (4) पर्वतीय आक। यह पहाड़ी आक पौधे के रूप में नहीं, बेल के रूप में होता है जो उत्तर भारत में बहुत कम किन्तु महाराष्ट्र में पर्याप्त मात्रा में होता है। लाल जाति का आक सर्वत्र सुलभता से प्राप्य है। गुणों की दृष्टि से औषध के रूप में दोनों प्रकार के आकों का प्रयोग होता है। दोनों में कुछ समान गुण भी मिलते हैं किन्तु श्वेत अर्क में अधिक उत्तम गुण होने से आयुर्वेद में यह वनस्पति दिव्य औषध मानी जाती है। लाल आक इसके समान तो नहीं किन्तु यह भी गुणों का भंडार है। जितना लाभ इस पौधे से वैद्यों और भारतीय चिकित्सकों ने तथा रसायनशास्त्रियों ने पहले उठाया था उतना किसी द्वितीय औषध से नहीं उठाया ।

आक भारत का एक प्रसिद्ध पौधा है जो आयुर्वेद के शास्त्रों में जानी मानी औषधी है। जिसे छोटे-छोटे वैद्य तथा ग्रामीण अनपढ लोग भी जानते हैं और औषध रूप में प्रयोग भी करते हैं । भारत में आक के पौधे सब स्थानों पर मिलते हैं पर ऊंचे पर्वतों पर ये नहीं मिलते। आक का पौधा चार फीट से लेकर पन्द्रह फीट तक की ऊंचाई में देखने को मिलता है। यह ऊंची शुष्क मरुभूमि में अधिक होता है। ऊसर भूमि में उत्पन्न होने के कारण अरबी में इसको ऊसर कहते हैं।

आक के पौधे शुष्क, उसर और ऊंची भूमि में प्रायः सर्वत्र देखने को मिलते हैं। इस वनस्पति के विषय में साधारण समाज में यह भ्रान्ति फैली हुई है कि आक का पौधा विषैला होता है। यह मनुष्य को मार डालता है। इसमें किंचित सत्य जरूर है क्योंकि आयुर्वेद संहिताओं में भी इसकी गणना उपविषों में की गई है। यदि इसका सेवन अधिक मात्रा में कर लिया जाये तो, उल्टी दस्त होकर मनुष्य की मृत्यु हो सकती है।

# मुफ्त की होड़ में दिल्ली के बुनियादी मुद्दे गायब?

- ललित गर्ग-

**सड़क** से लेकर सीवर तक, पर्यावरण से लेकर विकास तक दिल्ली के बुनियादी मुद्दे की जगह मुफ्त की सुविधाओं की होड़ ने दिल्ली के चुनाव को जिन त्रासद दिशाओं में धकेला है, वह न केवल दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिये एक चिन्ता का बड़ा सबब बन रहा है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी -तीनों दलों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किए हैं लेकिन उसमें दिल्ली से जुड़े जरूरी एवं बुनियादी मुद्दों के स्थान पर नगद एवं मुफ्त की सुविधाओं के ही अंबार लगे हैं। दिल्ली चुनाव में अधिकांश बहस तरह-तरह की मुफ्त सुविधाओं की अप्रासंगिक और अवांछित विषयों पर केंद्रित है। जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे देश की राजधानी के चुनाव में इससे बेहतर की उम्मीद थी। चूंकि जरूरी मुद्दें नहीं उठ रहे हैं इसलिए भाषा भी निम्नस्तरीय बनी हुई है, दोषारोपण एवं छिद्रान्वेषण ही हो रहा है।

राजनीतिक दलों द्वारा अप्रासंगिक मुद्दों पर बात करने की एक खास वजह चुनावों की प्रक्रिया में मुफ्त की सुविधाएं एवं नगद राशि का बढ़ता आकर्षण है। भाजपा दिल्ली को विकसित एवं अत्यंत आधुनिक राजधानी बनाना चाहती है तो उसके लिए यह अवसर था कि वह अपनी भावी योजनाओं और भविष्य के खाके पर बात करती, लेकिन वह भी महिलाओं एवं मतदाताओं को आकर्षित करने के लिये बढ़-चढ़कर मुफ्त संस्कृति का सहारा ले रही है। कांग्रेस के लिए यह मौका था कि वे उन क्षेत्रों को रेखांकित करती जिनमें आप सरकार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी। वे मतदाताओं के समक्ष बेहतर विकल्प भी प्रस्तुत कर सकती थी। कांग्रेस को चाहिए था कि वह शीला दीक्षित के दौर में हुए दिल्ली के विकास को चुनावी मुद्दा बनाती, दिल्ली को पेरिस बनाने की बात को बल दिया जाता, लेकिन उसका प्रचार अभियान मुफ्त की सुविधओं के इर्दगिर्द ही घूम रहा है, जो एक विडम्बना एवं त्रासदी ही है।

यह दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली चुनाव में ऐसा कुछ नहीं हो रहा है जो दिल्ली की बड़ी समस्याओं का समाधान करता हो। दिल्ली के मतदाताओं को मोटे तौर पर व्यक्तिगत हमले सुनने को मिल रहे हैं और ऐसे मुद्दों पर बात हो रही है जो दिल्ली को आगे ले जाने वाले एवं विकसित राजधानी बनाने वाले नहीं हैं। भारत को तेज आर्थिक विकास की आवश्यकता है, दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी के चुनाव को इसके लिए पूंजी, पर्यावरण और ऊर्जा की टिकाऊ वृद्धि सुनिश्चित करने पर केंद्रित रहना चाहिए। इससे जुड़ा एक मसला रोजगार तैयार करने का है। सबसे अहम मुद्दा दिल्ली का विकास एवं प्रदूषण मुक्त परिवेश का है। लेकिन सभी राजनीतिक दल इन मुद्दों से हटकर फ्री की सुविधाओं पर ही केन्द्रित है, भला दिल्ली में अच्छे दिन कैसे आयेंगे एवं विकास की तस्वीर कैसे बनेगी? कभी-कभी लगता है समय का पहिया तेजी से चल रहा है जिस प्रकार से घटनाक्रम चल रहा है, वह और भी इस आभास की पुष्टि करा देता है। पर समय की गति न तेज होती है, न रुकती है। हां चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं-प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है। प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आ गई है, लेकिन जनता से जुड़े जरूरी मुद्दों पर एक गहरा मौन पसरा है। न गरीबी मुद्दा है, न बेरोजगारी मुद्दा है। महंगाई, बढ़ता भ्रष्टाचार, बढ़ता प्रदूषण, राजनीतिक अपराधीकरण एवं दिल्ली का विकास जैसे ज्वलंत मुद्दे नदारद हैं।

दिल्ली की मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि मुफ्त की



संस्कृति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है लेकिन फिर भी अनपढ़ एवं गरीब मतदाता फ्री की सुविधाओं पर सोचता है और अक्सर उसी आधार पर वोट देता है। जबकि एक बड़ा मतदाता वर्ग ऐसा भी है जो उन्नत सड़के, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर देखना चाहता है। उसके लिये यमूना में बढ़ता प्रदूषण भी चिन्ता का एक कारण है। समय पर जल आपूर्ति न होना भी उसकी समस्याओं में शामिल है। चूंकि मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग योग्यता और व्यापक जनहित के मुद्दे पर नहीं करता, इसलिए वह मुफ्त की संस्कृति में डूबा है। इसलिये उसके जीवन स्तर में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आता है, विकास तो बहुत पीछे रह जाता है।

सब दल और उनके नेता सत्ता तक येन-केन-प्रकारेण पहुंचना चाहते हैं, लेकिन जनता को लुभाने के लिये उनके पास बुनियादी मुद्दों का अकाल है। जबकि दिल्ली अनेक समस्याओं से घिरी है, लेकिन इन समस्याओं की ओर किसी भी राजनेता का ध्यान नहीं है। बेरोजगारी एक विकट समस्या है, पर क्या कारोबार और निजी उद्यमों को बढ़ाए बिना केवल सरकारी नौकरियों के सहारे दिल्ली के युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है? क्या सरकारी नौकरियां ही रोजगार हैं? क्या आप अपने कारोबार में किसी को उसकी उत्पादकता की परवाह किए बिना नौकरी पर रखना चाहेंगे? मगर सरकारी नौकरियों में यही होता है। क्या यह आम जनता के करों के पैसे का सही उपयोग है? जनता के मतों का ही नहीं, उनकी मेहनत की कमाई पर लगे करों का भी जमकर दुरुपयोग हो रहा है। राजनेताओं द्वारा चुनाव के दौरान मुफ्त बांटने की संस्कृति ने जन-धन के दुरुपयोग का एक और रास्ता खोल दिया है।

हमारे चुनावी लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि बुनियादी मुद्दों की चुनावों में कोई चर्चा ही नहीं होती। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, महिलाओं के खातों में नगद सहायता पहुंचाने से लेकर कितनी तरह से मतदाता को लुभाने एवं लूटने के प्रयास होते हैं। न हवा शुद्ध, न पानी शुद्ध, सड़कों पर गड्ढे- इनके कारणों की कोई चर्चा नहीं। आप सरकार के दावों के बावजूद दिल्ली की शिक्षा एवं चिकित्सा की हालत जर्जर है। डिस्पेंसरियों, अस्पतालों और सफाई संस्थानों में जो धांधलियां हैं, उसके जिम्मेदार कौन है? क्या कोई उन्हें सुधारने की समयबद्ध योजना की बात करता है? आजादी का अमृत महोत्सव मना चुकी दिल्ली की इन दुर्दशाओं के कारण क्या है? क्या चुनाव में इन मुद्दों पर चर्चा होती है? क्या कोई बाबुओं और नौकरों की फौज पैदा करने वाली बेकार शिक्षा प्रणाली को सुधारने, निजी कारोबारों और रोजगार देने वाले उद्यमों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की बात करता है? कभी सोचा है, क्यों नहीं? क्योंकि चुनाव राष्ट्र को सशक्त बनाने का नहीं बल्कि अपनी जेबें भरने का जरिया बन गया है।

इस बार की दिल्ली की लड़ाई कई दलों के लिए आरपार की है। ह्वअभी नहीं तो कभी नहींह्व दिल्ली के सिंहासन को छूने के लिए सबके हाथों में खुजली आ रही है। उन्हें केवल चुनाव जीतने की चिन्ता है, अगली पीढ़ी की नहीं। मतदाताओं के पवित्र मत को पाने के लिए पवित्र प्रयास की सीमा लांघ रहे हैं। यह त्रासदी बुरे लोगों की चीत्कार नहीं है, भले लोगों की चुप्पी है जिसका नतीजा दिल्ली भुगत रहा है/भुगतता रहेगा, जब तब भले लोग मुखर नहीं होगे। क्योंकि पार्टियां और उम्मीदवार विकास करने, समता एवं सौहार्दमूलक समाज बनाने, नयी दिल्ली निर्मित करने और जाति, मजहब और वर्गों के आधार पर चले आ रहे विभाजन को पाटने के बजाय लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ उकसाने, धर्म एवं जाति के आधार पर नफरत एवं द्वेष की दीवारे खिंचने, असुरक्षा की भावना पैदा करने और अपना राजनीतिक भविष्य सुनिश्चित करने की जुगत में रहते हैं। इन जटिल एवं ज्वलंत हालातों में किस तरह लोकतंत्र मजबूत होगा? चुनाव आयोग के निर्देश, आदेश व व्यवस्थाएं प्रशंसनीय हैं, पर पर्याप्त नहीं हैं। इसमें मतदाता की जागरूकता, संकल्प और विवेक ही प्रभावी भूमिका अदा करेंगे। क्योंकि चयन का विकल्प लापता/गुम है। मुफ्त की संस्कृति से बाहर निकाल कर ही दिल्ली के चुनाव को सकारात्मक स्वरूप प्रदान किया जा सकता है, दिल्ली को दुनिया की बड़ी राजधानियों की तुलना में खड़ा किया जा सकता है। लेकिन 2025 के विधानसभा चुनाव में ऐसा होता हुआ दिख नहीं रहा है, उसकी खोज लगता है अभी प्रतीक्षा कराएगी।

# बिहार सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**गाजीपुर। जनपद** के थाना रेवतीपुर पुलिस टीम द्वारा बिहार सचिवालय में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले 02 नफर वांछित अभियुक्त/अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार । अपराध एवम् अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 20.01.2025 को उ0नि0 भोलानाथ सरोज मय हमराह थाना रेवतीपुर के द्वारा वांछित अभियुक्त विनोद गुप्ता पुत्र उमाशंकर गुप्ता निवासी ग्राम नगदिलपुर उर्फ दुल्लहपुर थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर उम्र 47 वर्ष, अभियुक्ता कुमारी कृष्णा उपाध्याय पुत्री स्व0 विरेन्द्र उपाध्याय निवासिनी ग्राम गहमर पट्टी मैगा राय थाना गहमर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष को तिलवा मोड़ से गिरफ्तार कर



अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। घटना का संक्षिप्त विवरण के अनुसार विनोद गुप्ता पुत्र उमाशंकर गुप्ता निवासी ग्राम नगदिलपुर उर्फ दुल्लहपुर थाना रेवतीपुर गाजीपुर द्वारा ग्राम नगदिलपुर उर्फ दुल्लहपुर में ऊँ श्री बक्शू बीर बाबा एकेडमी का संचालक है तथा उपरोक्त एकेडमी में अभ्यर्थियों को बरगलाकर उनसे बिहार सचिवालय में विभिन्न पदों पर नौकरी दिलाने के नाम पर 10-15 लाख रुपये प्रत्येक अभ्यर्थी से छलपूर्वक पैसे लेने का कार्य करता था ।अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में उ0नि0 भोलानाथ सरोज मय हमराह थाना रेवतीपुर उपस्थित थे।

# सड़क पर लटकते विद्युत तार, हो सकता है बड़ा हादसा



**गाजीपुर। जनपद** के नगर पालिका मुहम्मदाबाद अंतर्गत शाहनिंदा चौमुहानी पर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर लटकते विद्युत तार से हमेशा दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। यह सड़क गाजीपुर से भरौली की दिशा को जाती है और चौमुहानी पुलिस चौकी से 10 कदम पूर्व की तरफ स्थित है। ट्रांसफार्मर के पास से लटकते तार राष्ट्रीय राजमार्ग 31 को पार कर रहे हैं, जो ओवरलोड ट्रकों और पिकअप वाहनों के संपर्क में आने से बार-बार टूट रहे हैं।

तेज गति से गुजरने वाले ट्रकों की वजह से तार रगड़ते हैं, जिससे वह टूटकर गिरते हैं, खासकर ट्रांसफार्मर के पास तार खुला है, तो यह स्थिति जानलेवा हो सकती है। इससे नागरिकों में हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है और क्षेत्र में बार-बार अंधेरा छा जाता है। विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सुधार के लिए कर्मचारी भेजे गए थे, लेकिन यदि तार की मरम्मत और मजबूती से कार्य नहीं किया गया, तो यह स्थिति फिर से बनी रहेगी, जो भविष्य में गंभीर हादसे का कारण बन सकती है।

# हिंडनबर्ग रिसर्च बॉडी का बंद होना अडानी समूह के लिए राहत की बात

– अंजन रॉय

**सरकार** और उसकी जांच एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने में उचित काम करना चाहिए कि अडानी समूह की कंपनियां बाजार के सिद्धांतों का पालन करें और अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए शेयरों की कीमतों में हेरफेर न करें। भारत के लोग विदेशी एजंसियों की रिपोर्टों से प्रभावित होते हैं क्योंकि उन्हें सेबी जैसी भारतीय एजंसियों की निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर संदेह है। यह खत्म होना चाहिए।




विवादित इक्विटी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग अचानक बंद हो गयी है। संचालन को समाप्त करते हुए, फर्म के संस्थापक और शॉर्ट-सेलर ने कहा कि यह 'उनके जीवन का केवल एक अध्याय था', न कि एकमात्र अध्याय।

हिंडनबर्ग के बंद होने की खबर ने तुरंत भारत में राजनीतिक मोड़ ले लिया। जहां एक ओर सत्तारूढ़ भाजपा ने कहा था कि हिंडनबर्ग जैसे एजंट 'आर्थिक आतंकवादी' थे जिन्होंने भारत में मूल्यवान को नष्ट करने का काम किया, वहीं दूसरी ओर विपक्षी कांग्रेस ने कहा कि हिंडनबर्ग के बंद होने की इस घटना का अर्थ यह नहीं कि अडानी समूह पर भ्रष्टाचार और कदाचार के प्रयासों के सभी आरोप अब समाप्त हो गये हैं तथा समूह पाक-साफ हो गया है।

हिंडनबर्ग भारत में तब चर्चा में आया जब उसने अडानी समूह की उभरती कंपनियों पर रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें कहा गया कि समूह पर भारी कर्ज का बोझ है, जिसका बैलेंस शीट में उचित प्रावधान नहीं किया गया है। अडानी पर महत्वपूर्ण सरकारी मंजूरी और अनुबंध प्राप्त करने के लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देने जैसे अन्य आरोप भी थे।

हिंडनबर्ग के इशारे पर, अमेरिकी अधिकारियों ने अडानी समूह के मामलों की जांच शुरू की थी, क्योंकि भारतीय समूह ने अमेरिका में धन जुटाया था। अमेरिकी अधिकारी उनके भतीजे गौतम अडानी को गिरफ्तार करने के आदेश जारी करने की हद तक चले गये थे। अडानी समूह ने कुछ अमेरिकी फंड वापस करके स्थिति को पुनः प्राप्त करने की कोशिश की थी। फिर भी, पीछे हटने की कार्रवाई के बावजूद, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने अडानी समूह की कंपनियों के बाजार पूंजीकरण से भारी मूल्य मिटा दिया था।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले,अडानी समूह के प्रमुख प्रमोटर गौतम अडानी को मुकेश अंबानी से आगे धन की दुनिया में सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक माना जाता था। रिपोर्ट के प्रकाशन ने उनकी संपत्ति को इतना कम कर दिया कि वे नीचे गिर गये। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद, समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और निवेशकों ने अपनी इक्विटी होल्डिंग पर बड़ी रकम खो दी। हालांकि, बाद में शेयर की कीमतें पूरी तरह से ठीक हो गयीं। इस बीच, हिंडनबर्ग ने वह किया जिसे 'शॉर्ट सेलिंग' के रूप में जाना जाता है, यानी, जब कोई निवेशक किसी शेयर की कीमत गिरने की उम्मीद करता है तो इस तरह कीमत गिरने की उम्मीद में उन्हें बेच देता है। इन निवेशकों को 'शॉर्ट सेलर' या 'मंदी' की स्थिति लेने वाले निवेशक कहा जाता है। अडानी समूह पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ने बिल्कुल इसी तरह की स्थिति पैदा की है और आम निवेशकों को बहुत नुकसान हुआ है। हालांकि, शोध फर्म संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ-साथ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) में भी जांच के घेरे में आ गयी थी।

अडानी शेयरों के अलावा, शोध फर्म ने कई अन्य कंपनियों पर भी इसी तरह की रिपोर्टें प्रकाशित की थी। अमेरिकी प्रतिभूति निरीक्षण निकाय, प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने भी अपनी रिपोर्टों के माध्यम से फर्म की प्रथाओं और बाजार में हेरफेर की जांच शुरू कर दी थी। संभवतः, इन सभी जांचों के दबाव में और आगे के खुलासों की प्रत्याशा में, फर्म ने अपने परिचालन को बंद करने का फैसला किया। हिंडनबर्ग भी भारी संकटग्रस्त मुद्रा व्यापारी जॉर्ज सोरोस के साथ अपने संबंधों के कारण जांच के घेरे में था।

जैसे ही हिंडनबर्ग बंद होने की रिपोर्टें सामने आयीं, अडानी समूह के कर्मचारियों और निवेशकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। कुछ ने तो यहां तक कहा कि अडानी समूह की अजेयता की स्थिति सही साबित हुई। हालांकि, कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने इस बात पर जोर देने का बीड़ा उठाया कि इसका मतलब अडानी समूह को 'क्लीन चिट' नहीं है। समूह भारतीय बाजार में कई आरोपों का सामना कर रहा है। कुछ की जांच सेबी द्वारा की जा रही है।

भारत सरकार और उसकी जांच एजेंसियों को यह सुनिश्चित करने में उचित काम करना चाहिए कि अडानी समूह की कंपनियां बाजार के सिद्धांतों का पालन करें और अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए शेयरों की कीमतों में हेरफेर न करें।

भारत के लोग विदेशी एजंसियों की रिपोर्टों से प्रभावित होते हैं क्योंकि उन्हें सेबी जैसी भारतीय एजंसियों की निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर संदेह है। यह खत्म होना चाहिए। नरेंद्र मोदी सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अडानी समूह को उसकी नियामक एजंसियों से किसी भी अन्य भारतीय कंपनी की तरह ही समान व्यवहार मिले। कोई वरीयता नहीं।

# गणतंत्र दिवस को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों संग की बैठक

**गाजीपुर । 26 जनवरी, 2025** गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम के तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कलेक्टेज्ट सभागार में समस्त अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न की। बैठक के दौरान उन्होने बताया कि 26 जनवरी के दिन स्वतंत्र भारत में संविधान को लागू किया गया एवं देश को धर्म निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया गया। संविधान के माध्यम से भारत के समस्त नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता एवं न्याय सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। गणतंत्र दिवस हमारे राष्ट्रीय स्वतंत्रता एवं राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। आओ सभी मिलकर देश के शहीदों, राष्ट्रभक्तों, देशभक्तों एवं स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आदर एवं सम्मान अभिव्यक्त करें एवं हर्षोल्लास से हमारे राष्ट्रीय पर्व को मनाये तथा यह प्रण करे कि राष्ट्र की उन्नति के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

इसी क्रम में 26 जनवरी, 2025 को मनाये जाने वाले कार्यक्रम को भव्य मनाने हेतु निम्नलिखित दिशा निर्देश दिये गये है जिसमें 7.30 बजे स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातफेरी दो भागो मे आयोजित की जायेगी। टाउनहाल से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट त्रिमुहानी पर पहुँचकर समाप्त होगी तथा पी0जी0 कालेज चौराहा से प्रारम्भ होकर कलेक्ट्रेट त्रिमुहानी पर



समाप्त होगी। इस अवसर पर समस्त सरकारी भवनों पर प्रातः 8.30 बजे झण्डा अभिवादन एवं राष्ट्रगान होगा तथा संविधान में उल्लिखत संकल्प लिया जायेगा इसके पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर में प्रभातफेरी से वापस आये बच्चों, सम्मानित अतिथियों एवं नागरिको को मिष्ठान वितरण किया जायेगा। झण्डारोहण के पश्चात 8.40 बजे कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा एवं तहसीलों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/सैन्य कर्मियों की विधवाओं को सम्मानित किया जायेगा। 9.00 बजे नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने क्षेत्र में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण करेंगे तथा ऐसे स्थलो पर विशेष सफाई व्यवस्था करेंगे इसके अतिरिक्त समस्त टाउन एरिया के सटे ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सफाई, अभियान चलाया जायेगा तथा सभी मलिन बस्ती की सफाई, अभियान चलाकर समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत द्वारा किया जायेगा तथा मलिन बस्ती तुलसी सागर एवं महाजन टोली में स्वास्थ कैम्प लगाकर/निःशुल्क दवा वितरण का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 09 बजे सभी आगनबाड़ी केन्द्रों पर सरकारी योजनाओं क बारे में संगोष्ठी आयोजित कर उपस्थित सभी बच्चों को पंजरी हल्वा एवं लड्डू का वितरित किया जायेगा जिनके नोडल अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी होंगे। नेहरू स्टेडियम से साइकिल दौड़ 10 कि0मी0 जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। प्रातः 09:30 बजे पुलिस लाईन में झण्डा रोहण व परेड का कार्यक्रम किया जायोगा। 09:30 बजे जिला अस्पताल/महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण का कार्य एवं जिला अस्पताल में स्थित पोषण पुर्नवास केन्द्र के मरीजो को उपरोक्तानुसार फल आदि का वितरण भी किया जायेगा। 10 बजे समस्त सरकारी/गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं में झण्डारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। 11:00 बजे जिला कारागार में कैदियों को फल एवं मिष्ठान वितरण किया जायेगा। दोपहर 12 बजे सिटी स्कूल में शिक्षण संस्थाओं द्वारा सांस्कृतिक/देश भक्ति कार्यक्रम/निबन्ध/चित्रकला/स्वतंत्रता आंदोलन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का अयोजन किया जायेगा। दोपहर 01 बजे बाल सुधार गृह के बच्चों को भोजन तथा टेण्ट आदि की व्यवस्था तथा बच्चों को भोजन के बाद एक पेन व एक डायरी का वितरण की व्यवस्था जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा किया जायेगा। उन्होने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 22 से 26 जनवरी, 2025 की रात्रि में अपने अपने कार्यालय भवन को तथा समस्त उपजलाधिकारी तहसील भवन को प्रकाशमान करेंगे। महापुरूषों की मूर्तियों एवं परिसर की साफ-सफाई तथा रंग रोगन नगरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। मुख्य चौराहों पर देश-भक्ति के गीत बजवाने की कार्यवाही/व्यवस्था अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत द्वारा किया जायेगा।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

# 210 जोड़ों का हुआ विवाह, प्रभारी मंत्री ने दी शुभकामनाएं

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाज कल्याण विभाग संचालित मा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय रामायण मेला सीतापुर चित्रकूट में भव्य सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 210 जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंधकर नया जीवन आरंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मा राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश तथा प्रभारी मंत्री चित्रकूट मनोहर लाल जी ;मन्नू कोरीद्ध ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ की गई।



समूहिक विवाह में शिरकत करते प्रभारी मंत्री।

प्रभारी मंत्री मनोहर लाल जी ने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस पवित्र अवसर पर भगवान श्री राम की कृपा से विवाह संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दी व बताया कि इस योजना के तहत प्रति जोड़े 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैंए जिसमें 35 हजार रुपये बैंक खातों में भेजे जाते हैंए 10 हजार रुपये की सामग्री दी जाती है व 6 हजार रुपये वैवाहिक कार्यक्रम पर खर्च किए जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लव कुश चतुर्वेदी ने इस योजना को समाज के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया व सरकार के प्रयासों की सराहना की। कहा कि आज जिस पवित्र भूमि चित्रकूट में यह विवाह हो रहे हैंए वह हमारे संस्कारों का प्रतीक है और इन नवविवाहित जोड़ों के लिए एक नई शुरुआत है। डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत चित्रकूट जिले में अब तक कई गरीब कन्याओं का विवाह कराया जा चुका हैए और कार्य आगे जारी रहेगा।

नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दी व सुखमय जीवन की कामना की। मां भगवती संगीत पार्टी द्वारा विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गयाए व गायत्री शक्तिपीठ के उपाचार्यों ने विधिपूर्वक विवाह संपन्न कराया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ललितपुर कैलाश नाथ निरंजनए डीएम शिवशरणप्पा जीएनए सीडीओ अमृतपाल कौरए भाजपा जिलाध्यक्ष लव कुश चतुर्वेदीए पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्र व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जल जीवन मिशनः पानी की समस्या के समाधान को जन जागरूकता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पानी की समस्या के समाधान के लिए भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्त्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन ;हर घर जलद्ध पर जिले में व्यापक जन जागरूकता एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। डीएम के मार्गदर्शन में विकास खंड पहाड़ी में आईईसी गतिविधियों पर ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग और जल जनित बीमारियों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया।

मेसर्स अंबर प्रेस टीम ने राजस्व ग्राम कुचरामए महुवागांवए कुसेलीए खोपाए व बिहरवा में ग्रामीणों को बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों तक पहुंचने वाला पानी पीने के लिए सुरक्षित हैए क्योंकि इसे समय.समय पर शुद्ध किया जाता है। अभियान में ग्रामीणों को दूषित जल से होने वाली बीमारियोंए पेयजल के महत्वए और जल के सुरक्षित प्रचालन के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर वीडब्लूएससी बैठकए स्वच्छता बैठकए स्वच्छता मेलाए व आंगनवाड़ी बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर अवर अभियंता जयनारायण ने निरीक्षण करते हुए जल संरक्षण व स्वच्छता पर जोर दिया।



अभियान में ग्रामीणों को जागरूक करते कार्यकर्ता।



पुंलिस गिरफ्त में आरोपी

## 25 देशी शराब मस्तीहू समेत आरोपी गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी, चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देश में अवैध शराब के निर्माणध्बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एसएचओ पहाड़ी रीता सिंह के मार्गदर्शन में दारोगा अरमान आलमए मुख्य सिपाही कृष्ण पाल सिंह व सिपाही आशीष कुमार ने आरोपी रामेश्वर पुत्र गजराज निवासी रघुवंशीपुर पहाड़ी चित्रकूट को 25 देशी शराब मस्तीहू समेत गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध थाने में धारा 60 आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया।

## कृतिदेव यहां पराविधिक स्वयंसेवकों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट ने समाज के कमजोर व जरूरतमंद वर्गों को न्याय और विधिक सहायता प्रदान करने को पराविधिक स्वयंसेवकों ;पैरा लीगल वॉलंटियर्सद्ध के चयन को आवेदन आमंत्रित किए हैं। सचिव नीलू मैनवाल ने बताया कि चयनित स्वयंसेवकों को विधिक अधिकारों व सामाजिक न्याय के प्रति लोगों को जागरूक करने को प्रशिक्षित किया जाएगा। शिक्षकए सेवानिवृत्त कर्मचारीए वरिष्ठ नागरिकए एमएसडब्लू छात्रए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताए डॉक्टरए महिला मैत्री संघ व सेवाभावी संस्थाओं के सदस्य आवेदन कर सकते है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के बाद पैनल में शामिल किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 28 जनवरी 2025 तक आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में जमा करें।

## राज्य स्तरीय संगीत प्रतियोगिता में चमके चित्रकूट के बाल कलाकार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के आनंदेश्वरम संगीत अकादमी कर्वी के बाल कलाकारों ने लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय संगीत प्रतियोगिता में अद्भुत कला का प्रदर्शन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के हमारी संस्कृतिए हमारी पहचान कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रतियोगिता में भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से माहौल गूंज उठा।

इन बाल कलाकारों की सबसे खास बात कम उम्र के बावजूद बेहतरीन प्रदर्शन था। प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के तबला वादक शुभांक श्रीवास्तव ने कला से सबका दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली थी कि लोग कार्यक्रम के बाद उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ में दिखे। प्रतिभागियों ने गली.गली में अवध सजाएंगेए अच्युतम केशवमए व हरे रामा हरे कृष्णा जैसे गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। प्रतियोगिता से पहले इन कलाकारों ने जिला व मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। राजधानी से वापसी पर स्थानीय लोगों ने बस स्टैंड पर इनका भव्य स्वागत किया व माला पहनाकर हौसला बढ़ाया। डायरेक्टर विनय पांडे ने बताया कि प्रतिभागियों में तबला संगत में शुभांक और आधांश श्रीवास्तवए हारमोनियम पर राघव पांडेए सिंथेसाइजर पर रुद्र कसौधनए ऑक्टोपैड पर अक्षत केसरवानीए और गायन में शुभेच्छा श्रीवास्तवए हिमांशी कुशवाहए तथा रितिक सिंह शामिल रहे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का परिणाम दो दिन में घोषित होगाए लेकिन इन बाल कलाकारों ने पहले ही चित्रकूट का नाम रोशन कर दिया है।



र्प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते छात्र।

## खेल को खेल भावना से खेलना चाहिएः विनोद कुमार राय

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ, चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के कैलाश विहार शिव बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित महादेव क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार का दिन खिलाड़ियों व दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा। कार्यक्रम में मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल को जीवन में अनुशासनए निरंतरता व आत्मविश्वास का पाठ सिखाने वाला माध्यम बताया। साथ ही खिलाड़ियों को जीवन में कभी हार न मानने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में निरीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए।



मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय को स्मृति चिन्ह देते आनंद राज त्रिपाठी।

पहले मैच में पुरखास कौशांबीश् और जहरीली मऊ के बीच संघर्ष हुआ। वहीं दूसरे मैच में टुस्को इंजीनियर इलेवन व शिव बाबा मंदिर कमेटी के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। मैच में अंपायर की भूमिका अर्पित बाजपेई व गुलशन गौतम ने निभाई। इस मौके पर श्री भागवत मंडल संस्कृत विद्यालय मऊ के प्रधानाचार्य आनंद राज त्रिपाठीए शादाब गनीए संजय द्विवेदीए रवि रायए संकल्प त्रिपाठीए शनि लंबरदार समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## राजस्थान से महाकुंभ स्नान जा रहे श्रद्धालुओं के साथ हुई शर्मनाक ठगी, पुलिस मूक दर्शक बनी रही!

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के बेड़ीपुलिया इलाके से एक बड़ा ठगी का मामला सामने आया हैए जिसमें राजस्थान से कुंभ स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं के साथ गैराज मिस्त्री ने धोखाधड़ी की है। मिस्त्री ने श्रद्धालुओं से पैसे लेकर कार ठीक करने का वादा कियाए लेकिन नौ दिन बीतने के बावजूद कार का कोई काम नहीं किया गया। इस दौरानए महिला व बच्चों सहित श्रद्धालु गैराज के बाहर खुले आसमान के नीचे रुकने के लिए मजबूर हो गए हैं। सूचना के अनुसारए श्रद्धालुओं ने सीतापुर चैकी पुलिस से शिकायत की थीए लेकिन पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे परेशान होकर पीड़ित श्रद्धालुओं ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित का कहना है कि मिस्त्री ने पैसे लेकर कार ठीक करने का वादा किया थाए लेकिन न केवल उसने कार ठीक नहीं कीए बल्कि उनके साथ किए गए वादों से भी मुकर गया। नौ दिन बीत जाने के बावजूदए श्रद्धालु अपने बच्चों और महिलाओं के साथ तंग और मुश्किल स्थिति में जी रहे हैं। इस मामले को लेकर सीतापुर चैकी प्रभारी को संज्ञान में लाते हुए उच्च अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### सीतापुर पुलिस पर उठे सवाल

## जुए के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार, 1550 रूपये बरामद

**मानिकपुर, चित्रकूट।** एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देश में कोतवाल मानिकपुर टीम ने आरोपी अमरनाथ पुत्र बुद्धिलालए संजय पुत्र राजबहादुरए सलोन पुत्र राधेश्याम निवासी मऊगुरदरी ऊचांडीह थाना मानिकपुर चित्रकूट को ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगा जुआ खेलते गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से मालफड़ 1220 रुपयेए 52 ताश के पत्ते एवं तलाशी से 330 रुपये बरामद किए। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल दुर्ग विजय सिंहए एस आई अजय बहादुर सिंहए सिपाही दीपकए अजीजउद्दीनए चालक लोकेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# छात्रों को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली की जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जनपदीय पुलिस विभाग के सहयोग से चलाए जा रहे स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएन्शल लर्निंग प्रोग्राम ;एसपीईएलद्ध के तहत 21 जनवरी को कोतवाली कर्वी व थाना मानिकपुर में छात्रों को पुलिस विभाग के परिचय व कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित किया गया।

सीओ राजापुर एवं नोडल अधिकारी एसपीईएल जयकरन सिंह ने गोस्वामी तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय के चयनित छात्र.छात्राओं को थाना कोतवाली कर्वी में पुलिस व्यवस्था व विभिन्न पहलुओं से परिचित कराया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह ने राजकीय डिग्री कॉलेज मानिकपुर के चयनित छात्रों को थाना मानिकपुर में एसपीईएल कार्यक्रम के तहत जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रों को पुलिस विभाग के संगठनात्मक ढांचे जैसे ग्राम चौकीदारए हल्काध्चौकी प्रभारीए थानाए सर्किलए शहरीध्ग्रामीण क्षेत्रए जिलाए रेंजए जोन व प्रदेश स्तर की पुलिस व्यवस्था के बारे में बताया गया। साथ ही पदाधिकारियों के कर्तव्योंए पुलिस यूनिफॉर्मए जिला व राज्य स्तरीय विधिक पुलिस प्रतिष्ठानों का भी परिचय दिया।





एसपीईएल कार्यक्रम में छात्र व पुलिस।

## प्रयोगात्मक इण्टरमीडिएट परीक्षा में संशोधन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक चित्रकूट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण विज्ञप्ति जारी की। विज्ञप्ति में माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 की प्रयोगात्मक परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। आधिकारिक सूचना के अनुसारए पहले से निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के तहत इण्टरमीडिएट परीक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा 22 जनवरी 2025 से 30 जनवरी के बीच होनी थी। लेकिन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित जेईई ;मेंसद्ध परीक्षा के मद्देनजर प्रयोगात्मक परीक्षा के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब जनपद चित्रकूट में इण्टरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा द्वितीय चरण 09 फरवरी 2025 से 16 फरवरी 2025 तक चलेगी। संशोधित कार्यक्रम प्रदेश के अन्य जनपदों के लिए भी लागू होगाए जहां प्रयोगात्मक परीक्षाएं इसी नई तिथि पर आयोजित की जाएंगी।

# बुंदेली साहित्य समागम व कवि सम्मेलन का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** तहसील मानिकपुर में मंगलवार को भारतीय क्षेत्रीय पत्रकार संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में बुंदेली साहित्य समागम और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मानिकपुर के एसडीएम जसीम खान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे जबकि साहित्य परिषद् बांदा के अध्यक्ष रामप्रताप शुक्ल ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा में दीप प्रज्वलन व बाल कवयित्री प्रियांशी सिंह पलूवी की सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद बुंदेली साहित्य पर व्याख्यान हुआए और साहित्यकारों ने अपनी स्वरचित रचनाओं के माध्यम से बुंदेली संस्कृति और साहित्य को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में महोबा से पधारे बुंदेली साहित्य के मर्मज्ञ संतोष पटेरिया ने बुंदेली गीत पै जो राते घरैं साल भर कीसे नाज मंगाते प्रस्तुत किया। साथ ही एसडीएम जसीम खान ने अपनी रचना तरक्की की भीड़ में बाजार बहुत है प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कई प्रमुख साहित्यकारों ने भाग लिया जिनमें गीतकार नारायण तिवारीए शायर संदीप श्रीवास्तव व हास्य कवि शिवपूजन यादव शामिल थे। कार्यक्रम का सफल संचालन कवि अर्चन द्विवेदी ने किया।



बुंदेली साहित्य समागम व कवि सम्मेलन में एसडीएम मानिकपुर।

# वैज्ञानिक सोच से बनेगा देश महानः शशांक शेखर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में विज्ञान मॉडल कार्यशाला का आयोजन हुआए जिसमें छात्रों ने वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला ने किया। उद्घाटन के दौरान सरस्वती वंदनाए स्वागत गीत व माल्यार्पण के बाद शशांक शेखर ने बच्चों द्वारा बनाए विभिन्न विज्ञान मॉडलों का निरीक्षण किया। छात्रों से मॉडल से संबंधित प्रश्न पूछेए जिनका छात्रों ने आत्मविश्वास से उत्तर दिया। डा. प्रभाकर सिंह ने बच्चों को निशुल्क फ्रूट जूस वितरित किया। प्रत्येक छात्र को 1 लीटर जूस प्रदान किया गया। शशांक शेखर ने आगे कहा कि विज्ञान से ही देश महान बनता है। हमारे वैज्ञानिकों ने चंद्रमा और सूर्य मिशन जैसे अभूतपूर्व कार्यों से देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने शिक्षकों को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी।



छात्रों को सम्मानित करते प्रभारी बीएसए शशांक शेखर।

## शौच क्रिया के दौरान युवक पर जानलेवा हमला, पुलिस ने शुरू की जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रदेश सरकार द्वारा अपराध पर जीरो टॉलरेंस की नीति की बात की जा रही हैए लेकिन चित्रकूट में अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। ताजा मामला सरधुआ थाना क्षेत्र के अर्की मोड़ स्थित सरकारी शराब की दुकान के पास हुआए जहां एक युवक पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला किया। घटना के अनुसारए सोमवार को सरधुआ निवासी 32 वर्षीय बच्चा सिंह पुत्र अलंकृत सिंह शौच क्रिया के लिए सड़क पर निकले थेए तभी घात लगाए बैठे अज्ञात हमलावरों ने गले में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर आस.पास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची व घायल युवक को राजापुर सीएचसी ;सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रद्ध रेफर किया गयाए जहां से उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अज्ञात हमलावरों ने युवक को गोली मारी है। पहले युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज दिया गयाए बाद में उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। इस घटना पर लिखित शिकायत दर्ज कर ली गई है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका के हटने की घोषणा की

**न्यूयॉर्क। राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को घोषणा की कि वह विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को अलग कर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि पदभार संभालने के पहले ही दिन उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के साथ अपने संबंध समाप्त कर लिए हैं।

ट्रंप लंबे समय से डब्ल्यूएचओ के आलोचक रहे हैं और उनका प्रशासन जुलाई 2020 में औपचारिक रूप से संगठन से हट गया था क्योंकि कोविड-19 महामारी फैल रही थी।

कार्यकारी आदेश में अमेरिका के हटने के कारणों के रूप में "चीन के वुहान में उत्पन्न कोविड-19 महामारी और अन्य वैश्विक स्वास्थ्य संकटों से संगठन द्वारा ठीक से न निपटना, तत्काल आवश्यक सुधारों को अपनाने में इसकी विफलता और डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों के अनुचित राजनीतिक प्रभाव से स्वतंत्रता प्रदर्शित करने में इसकी असमर्थता" का हवाला दिया गया है।

ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते समय एक सहयोगी से कहा, "यह बहुत बड़ी बात है।"

उन्होंने अपने 2020 के निर्णय की ओर इशारा किया और कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका अन्य देशों की तुलना में संगठन को बहुत अधिक धनराशि दे रहा है।

आदेश में यह भी कहा गया कि डब्ल्यूएचओ अमेरिका से अनुचित रूप से भारी भुगतान की मांग करना जारी रखता है।

यह संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी की ट्रंप की लंबे समय से चली आ रही आलोचना के अनुरूप है। यह कदम अमेरिकी वैश्विक स्वास्थ्य नीति में एक नाटकीय बदलाव को चिह्नित करेगा और वाशिंगटन को महामारी से लड़ने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों से अलग कर देगा।

ट्रंप ने संगठन के कई आलोचकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के शीर्ष पदों पर नामित किया है, जिनमें रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर भी शामिल हैं तथा स्वास्थ्य और मानव सेवा सचिव के पद के लिए उम्मीदवार हैं, जो कि सीडीएस और एफडीए सहित सभी प्रमुख अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसियों की देखरेख करता है।

ट्रंप ने 2020 में डब्ल्यूएचओ से एक साल लंबी वापसी की प्रक्रिया शुरू की थी,



लेकिन छह महीने बाद उनके उत्तराधिकारी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस फैसले को पलट दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने तर्क दिया है कि एजेंसी कोविड-19 के शुरूआती प्रसार के लिए चीन को जवाबदेह ठहराने में विफल रही। उन्होंने बार-बार डब्ल्यूएचओ को बीजिंग की कठपुतली कहा है।

डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता ने सीधे तौर पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन 10 दिसंबर को एक प्रेस ब्रीफिंग में डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस द्वारा मीडिया में की गई टिप्पणियों का हवाला दिया, जिसमें उनसे पूछा गया था कि क्या उन्हें इस बात की चिंता है कि ट्रंप प्रशासन संगठन से हट जाएगा।

टेड्रोस ने उस समय कहा था कि डब्ल्यूएचओ को बदलाव के लिए यूएस अमेरिका को समय और स्थान देने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि स्टेट्स मई 2025 तक महामारी समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं।

आलोचकों ने चेतावनी दी है कि अमेरिका के हटने से वैश्विक रोग निगरानी और

## ट्रंप ने टिकटॉक पर 75 दिनों के लिए प्रतिबंध टालने के लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए

**वाशिंगटन। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक कार्यकारी कार्रवाई पर हस्ताक्षर किए, जिससे टिकटॉक पर प्रतिबंध लागू करने को 75 दिनों के लिए टाल दिया गया है।

ट्रंप ने अपने अटॉर्नी जनरल को निर्देश दिया है कि वे उन ऐप स्टोर्स और सेवा प्रदाताओं पर जुमार्ना न लगाएं जो टिकटॉक को चलाने में मदद कर रहे हैं।

ट्रंप अपने प्रशासन को "प्रत्येक प्रदाता को एक पत्र जारी करने का आदेश भी देंगे, जिसमें कहा जाएगा कि कानून का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है और किसी भी आचरण के लिए कोई दायित्व नहीं है।"

कई विशेषज्ञ और कुछ रिपब्लिकन नेता कह रहे हैं कि यह कदम कानूनी तौर पर संदिग्ध हो सकता है।

अपने कार्यकाल के पहले दिन इस आदेश पर हस्ताक्षर करना, चीन के खिलाफ सख्त रवैया रखने वाले रिपब्लिकन नेताओं को नजरअंदाज करने जैसा था। ये नेता मानते हैं कि टिकटॉक जैसी चीनी कंपनी अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकती है।

इससे पहले सोमवार को, टिकटॉक के सीईओ शू च्यू ने ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया, जो तुलसी गबार्ड के बगल में बैठे थे, जिन्हें राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के रूप में सेवा देने के लिए नामित किया गया है। टिकटॉक ने इस समारोह के लिए वाशिंगटन में एक पार्टी भी प्रायोजित की।

यह पूरा मामला काफी उलझा हुआ था। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक पर 'बेचो या प्रतिबंधित करो' कानून को बरकरार रखा। इसके बाद, टिकटॉक ने शनिवार को अपनी सेवा बंद कर दी, हालांकि ऐसा करना अनिवार्य नहीं था। रविवार को, ट्रंप के आदेश देने का वादा करने के बाद, टिकटॉक ने अपनी सेवा फिर से शुरू कर दी।

ट्रंप ने टिकटॉक को बचाने का वादा किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर "संयुक्त उद्यम" का सुझाव दिया, जिसमें अमेरिका को टिकटॉक का 50 प्रतिशत हिस्सा मिलेगा। सोमवार को उन्होंने यह विचार दोहराया और कहा, "अगर मैं यह सौदा करता हूं, तो अमेरिका को आधा हिस्सा मिलना चाहिए।"

ट्रंप के आदेश ने अमेरिकी न्याय विभाग को यह निर्देश दिया कि वे एक ऐसे कानून को लागू न करें, जो विदेशी विरोधियों द्वारा संचालित ऐप्स पर प्रतिबंध लगाता है। यह कानून पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने अप्रैल में साइन किया था।

कानून के अनुसार 19 जनवरी से टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, जब तक कि यह अमेरिका या उसके किसी सहयोगी को न बेचे।

कानून राष्ट्रपति को प्रतिबंध को लागू करने के तरीके पर व्यापक विवेक देता है।

अमेरिका में टिकटॉक का अंतिम भाग्य संदेह में बना हुआ है। यह स्पष्ट नहीं है कि टिकटॉक का चीन स्थित मालिक, बाइटडांस, किसी खरीदार को बेचना चाहेगा।

## ट्रंप ने पेरिस जलवायु समझौते से हटने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए, चीन को बताया जिम्मेदार



**वाशिंगटन। राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका के बाहर निकलने के अपने फैसले का बचाव करते हुए चीन को जिम्मेदार ठहराया। इससे पहले उन्होंने पहले कार्यकाल 2017 में इसके लिए भारत को दोष दिया था।

डोनाल्ड ट्रंप ने स्पोटिंग एरिना में समर्थकों से कहा, "मैं अन्यायपूर्ण, एकतरफा पेरिस जलवायु समझौते से तत्काल हट रहा हूं, क्योंकि जब चीन बिना किसी रोक-टोक के प्रदूषण फैला रहा है, तो अमेरिका अपने उद्योगों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।"

इस अवसर पर देश के सभी हिस्सों से लोग राजधानी आए थे। यह खास समारोह आम तौर पर यूएस कैपिटल के बाहर होता था। लेकिन इस बार, समारोह को यूएस कैपिटल के अंदर कर दिया गया। इसलिए, जो लोग समारोह देखना चाहते थे, उन्हें स्पोर्टिंग एरिना में ले जाया गया। वहां उन्होंने विशाल टीवी स्क्रीन पर समारोह देखा।

ट्रंप ने आगे कहा, "आप जानते हैं चीन बहुत सारी गंदी ऊर्जा का उपयोग करता है, लेकिन वे बहुत सारी ऊर्जा का उत्पादन करते हैं। जब यह हवा में जाता है, तो यह चीन में नहीं रहता, यह हवा के साथ अन्य देशों में भी पहुंचता है, जैसे कि संयुक्त राज्य अमेरिका। इसलिए, जब हम स्वच्छ हवा की बात करते हैं, तो हमें यह भी सोचना चाहिए कि अन्य देशों से आने वाली प्रदूषित हवा का क्या होगा। जब तक सभी देश स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग नहीं करते, तब तक स्वच्छ हवा की बात करना व्यर्थ है।"

इस प्रकार अमेरिका एक बार फिर पेरिस जलवायु समझौते से बाहर हो गया है। ट्रंप ने जश्न खत्म होने से पहले ही काम शुरू कर दिया और एक आदेश पर हस्ताक्षर करके बाइडन प्रशासन के कई नियमों को रद्द कर दिया। यह सब उनके समर्थकों के सामने हुआ, जो स्पोटिंग एरिना में पूरे दिन इसका इंतजार कर रहे थे।

राष्ट्रपति के निर्देश पर उद्घोषक ने कहा, "राष्ट्रपति ने बाइडन प्रशासन के समय के 78 आदेशों, कार्यवाहियों और ज्ञापनों को रद्द करने वाले आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं।" यह हस्ताक्षर स्टेडियम में बने एक विशेष मंच पर, राष्ट्रपति की मोहर के साथ किए गए।

## चिकित्सा बीमा में भाग लेने के लिए व्यक्तिगत योगदान की राशि 10.116 अरब युआन थी




**बीजिंग। चीनी** राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा प्रशासन से 19 जनवरी को मिली खबर के अनुसार, वर्ष 2024 में प्रांत के भीतर कर्मचारी चिकित्सा बीमा के व्यक्तिगत खातों में पारस्परिक सहायता प्राप्त करने वाले लोगों की संख्या 37.1 करोड़ तक पहुंच गई, जिसमें कुल सहायता राशि 51.154 अरब युआन है।

पारस्परिक सहायता क्षेत्रों के परिप्रेक्ष्य से, समान समन्वित क्षेत्र (आमतौर पर समान प्रान्त के समान शहर) के भीतर पारस्परिक सहायता से 34.1 करोड़ लोग लाभान्वित हुए, जिसमें पारस्परिक सहायता राशि 45.102 अरब युआन थी; एक ही प्रांत में विभिन्न समन्वित क्षेत्रों में पारस्परिक सहायता से 3.00062 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं, और पारस्परिक सहायता राशि 6.052 अरब युआन थी। पारस्परिक सहायता उद्देश्यों के संदर्भ में, 38.14 अरब युआन का उपयोग निश्चित चिकित्सा संस्थानों में किए गए व्यक्तिगत चिकित्सा व्यय के भुगतान के लिए किया गया, 1.922 अरब युआन का उपयोग निश्चित खुदरा फार्मेसियों में किए गए व्यक्तिगत व्यय के भुगतान के लिए किया गया, और निवासियों के लिए बुनियादी चिकित्सा बीमा में भाग लेने के लिए व्यक्तिगत योगदान की राशि 10.116 अरब युआन थी। दिसंबर 2024 तक, चीन के सभी प्रांतों ने कर्मचारी चिकित्सा बीमा पारस्परिक सहायता रिश्तेदारों के दायरे का विस्तार करके इसमें तत्काल रिश्तेदारों को भी शामिल कर लिया है।

## ट्रंप ने पद छोड़ने से पहले परिवार के सदस्यों को माफ करने के लिए बाइडेन की आलोचना की

**वाशिंगटन। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को क्षमादान दिए जाने की आलोचना की है, जिसे उन्होंने सोमवार को पद छोड़ने से पहले अपने अंतिम कदम के रूप में जारी किया था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को कैपिटल वन एरेना से अपने भाषण के दौरान बाइडेन द्वारा अपने परिवार के सदस्यों को अग्रिम क्षमादान देने की 11वें घंटे में की गई घोषणा के लिए उन पर निशाना साधा।

ट्रंप ने कहा, "क्या आप जानते हैं कि जब मैं अपना भाषण दे रहा था, तो बाइडन ने अपने पूरे परिवार को माफ कर दिया था?"

ट्रंप ने कहा कि उनके सहयोगियों ने उन्हें अपने उद्घाटन भाषण को और अधिक कठोर बनाने से रोक दिया, तथा उनसे आग्रह किया कि वे बाइडेन के परिवार के सदस्यों को क्षमा करने के निर्णय या 6 जनवरी के अभियुक्तों के लिए नियोजित माफी के बारे में टिप्पणी करने से बचें।

लेकिन कुछ ही क्षणों बाद, उन्होंने अपने ही कथन का खंडन करते हुए समर्थकों से कहा कि उन्हें क्षमादान के बारे में तब तक पता नहीं चला जब तक उन्होंने अपनी टिप्पणी समाप्त नहीं कर ली।

ट्रंप ने कहा, "क्या आप इस पर विश्वास कर सकते हैं? उन्होंने क्षमा कर दिया है। क्या आप जानते हैं कि मेरे बोलते समय उन्होंने ऐसा क्यों किया? क्योंकि इस तरह मैं इसके बारे में नहीं बोल सकता था।"

उन्होंने आगे कहा, "मैं बोल रहा था, तब मुझे नहीं पता था कि उन्होंने (बाइडेन) ऐसा किया है। मैंने अपना भाषण समाप्त



किया, और मुझे बताया गया, 'सर, उन्होंने अपने पूरे परिवार को माफ कर दिया।' मैंने कहा, 'ओह, क्या मैं वहां वापस जा सकता हूं और इसके बारे में बात कर सकता हूं? लेकिन यह बहुत अच्छा नहीं लगता। "हमारी प्रथम महिला मुझे ऐसा न करने के लिए टोकती। हमारे पास इस बारे में बात करने के लिए पर्याप्त समय है और हम करेंगे।"

कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करने के दौरान, राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि बाइडेन की क्षमा "दुर्भाग्यपूर्ण" थी।

अपने राष्ट्रपति पद के अंतिम घंटों में बाइडेन ने एंथोनी फौसी, सेवानिवृत्त जनरल मार्क मिली और हाउस 6 जनवरी जांच समिति के सदस्यों के साथ-साथ जेम्स बी. बाइडेन (बाइडेन के भाई), सारा जोन्स बाइडेन (बाइडेन की भाभी), वैलेरी बाइडेन ओवेन्स (बाइडेन की बहन), जॉन टी. ओवेन्स (बाइडेन के बहनोई) और फ्रांसिस डब्ल्यू. बाइडेन (बाइडेन के सबसे छोटे भाई) के लिए क्षमा जारी की।

बाइडेन ने लिखा, "मैं कानून के शासन में विश्वास करता हूं। लेकिन क्षमा की आवश्यकता थी।

## ईरानी सेना का दो दिवसीय अभ्यास, युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने पर जोर

**तेहरान। ईरानी** थल सेना ने रविवार को उत्तरपूर्वी खुरासान रजावी प्रांत में दो दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह जानकारी सोमवार को सेना के जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

इस अभ्यास का उद्देश्य सैनिकों की युद्ध क्षमताओं को बढ़ाना और ईरानी सशस्त्र बलों के नए हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन करना है।

सेना की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक अभ्यास का पहला चरण तोरबात-ए-जाम काउंटी में रविवार रात को शुरू हुआ। इसमें तोपखाने, बख्तरबंद वाहन, ड्रोन, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और मिसाइल यूनिट्स शामिल



थीं।

इसमें कहा गया कि 'आक्रामक-सुरक्षा' अभ्यास के पहले चरण में, जमीनी सेना की स्पेशल रैपिड रिएक्शन यूनिट ने देश में प्रवेश करने से पहले दुश्मनों को पकड़ने का अभ्यास किया। इसके आलवा ड्रोन, मिसाइलों, बमों, हेलीकॉप्टरों और बख्तरबंद वाहनों के साथ विशेष अभियान चलाए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी सशस्त्र बलों ने पिछले कुछ दिनों में कई अभ्यास किए हैं।

सेना की संभावित खतरों के खिलाफ अपनी सैन्य तैयारियों को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए आने वाले हफ्तों में और अधिक अभ्यास करने की योजना है।

इस महीने की शुरूआत में, ईरान के सशस्त्र बलों ने मध्य इस्फहान प्रांत में नतांज यूरेनियम संवर्धन केंद्र के पास बड़े पैमाने पर संयुक्त वायु रक्षा अभ्यास किया।

आईआरआईबी टीवी के मुताबिक खतम अल-अनबिया एयर डिफेंस बेस कमांडर कादर रहीमजादेह के आदेश पर साल के पहले हफ्ते में 'इक्तेदार' (पावर) 1403 अभ्यास शुरू किया गया।

## न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने आर्थिक वृद्धि और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मंत्रिमंडल में किए बदलाव



**वेलिंगट। न्यूजीलैंड** के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने आर्थिक वृद्धि और स्वास्थ्य क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने के लिए रविवार को अपने मंत्रिमंडल में कई बदलाव किए।

उन्होंने यह बदलाव प्रधानमंत्री के पदभार संभालने के एक साल बाद किए हैं। प्रधानमंत्री का कहना है कि नई टीम 2025 तक आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखेगी। इसके साथ ही, लोग बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और व्यवसायों के लिए अधिक अवसरों का लाभ उठा सकेंगे।

लक्सन ने कहा कि पिछले साल अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति में गिरावट और ब्याज दरों में कटौती जैसी सकारात्मक प्रगति हुई है। वित्त मंत्री निकोला विलिस को अब आर्थिक विकास मंत्री की अतिरिक्त भूमिका दी गई है। वह न्यूजीलैंड के व्यवसायों को बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने और नई प्रतिभा को विकसित करने के लिए सरकार के एजेंडे का नेतृत्व करेंगे।

लक्सन ने कहा कि वित्त मंत्री निकोला विलिस की एक अतिरिक्त भूमिका आर्थिक विकास मंत्री बनना है, जिसे पहले आर्थिक विकास पोर्टफोलियो के रूप में जाना जाता था।

उन्होंने कहा कि विलिस "न्यूजीलैंड के व्यवसायों की क्षमता को बढ़ाने, प्रतिभा विकसित करने और निवेश आकर्षित करने के लिए सरकार के विकास एजेंडे का नेतृत्व करेंगे।"

शिमोन ब्राउन स्वास्थ्य मंत्री बनेंगे और शेन रेती की जगह लेंगे। शेन रेती को अब विश्वविद्यालयों और विज्ञान क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है, जो आर्थिक विकास योजना का हिस्सा है।

## महिला शिक्षा पर प्रतिबंध इस्लाम के खिलाफ, लड़कियों के लिए फिर से खुलें स्कूल : तालिबान के उप विदेश मंत्री

**काबुल। तालिबान के** कार्यवाहक उप विदेश मंत्री ने अफगान लड़कियों के लिए स्कूल खोले जाने की अपील की है। यह टिप्पणी हाल के वर्षों में किसी तालिबान अधिकारी की तरफ से देश में महिला शिक्षा पर प्रतिबंध की सबसे कड़ी सार्वजनिक आलोचनाओं में से एक है। लड़कियों की शिक्षा पर पाबंदी एक ऐसी नीति है जिसने तालिबान को दुनियाभर से अलग-थलग कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शेर मोहम्मद अब्बास स्तानेकजई ने सप्ताहांत में एक भाषण में कहा कि



लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा पर प्रतिबंध इस्लामी शरिया कानून के अनुरूप नहीं है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, मंत्री ने तालिबान के प्रशासन के नाम का जिक्र करते हुए कहा, ḩहम इस्लामिक अमीरात के नेताओं से शिक्षा के दरवाजे खोलने का अनुरोध करते हैं ḩ उन्होंने कहा, "पैगंबर मुहम्मद के समय में ज्ञान के दरवाजे पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए खुले थे।"

कार्यवाहक उप विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान की महिला आबादी का जिक्र करते हुए कहा, ḩḩआज, चालीस करोड़ की आबादी में से हम बीस करोड़ लोगों के खिलाफ अन्याय कर रहे हैं।

तालिबान का दावा है कि वे इस्लामी कानून और अफगान संस्कृति की अपनी व्याख्या के अनुसार महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करते हैं। हालांकि उन्होंने 2022 में लड़कियों के लिए हाई स्कूल खोलने के वादे पर यू-टर्न लिया। 2022 के अंत में महिला छात्रों के लिए विश्वविद्यालयों को बंद कर दिया।

तालिबान प्रशासन तब से कहता रहा है कि वह स्कूलों को फिर से खोलने की योजना पर काम कर रहा है, लेकिन उसने कोई समयसीमा नहीं बताई है।

इस्लामी विद्वानों सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तालिबान नीतियों की व्यापक आलोचना की गई।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा